डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



# आधुनिक समाचार



प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

वर्ष -09 अंक -138 | प्रयागराज ,मंगलवार,08,अगस्त, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### खदान के पास ही नये बिजली संयंत्र लगाएंगी कोयला कंपनियां

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश में जिस तरह से कोयला उत्पादन को बढ़ाने की योजना है उससे इस बात की संभावना है कि सरकारी क्षेत्र की कोयला कंपनियों के पास तीन से चार वर्षों बाद अतिरिक्त कोयला भंडार हो सकता है। इस स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने कोल इंडिया लिमिटेड की सब्सिडियरियों को कहा है कि वो अपने पिट हेड (कोयला खदान ) के नजदीक ही ताप बिजली संयंत्र स्थापित करने की तैयारी करें। आने वाले चार पांच वर्षों में भी अगर देश में बिजली की उत्पादन लागत चार रुपये प्रति यूनिट तक रखा जाए तो यह बाजार को देखते हुए काफी अच्छी लागत होगी। खदान से दूर होने से बिजली की लागत बढ़ जाती है। साथ ही इससे एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआइएल) और महानदी कोल फील्ड्स जैसी सरकारी कोयला कंपनियां अपने अतिरिक्त कोयला उत्पादन का बेहतर इस्तेमाल भी कर सकेंगी। कोयला मंत्रालय के इस निर्देश से साफ है कि भारत सौर, पवन जैसे रिनीवेबल इनर्जी स्त्रोतों को बढ़ावा देने के बावजूद नई ताप बिजली संयंत्र भी लगाना बंद नहीं करेगी। सोमवार को कोयला मंत्रालय ने इस बारे में विस्तार से जानकारी दी है। मंत्रालय का कहना है कि कोयला खदान के पास बिजली संयंत्र लगाने से 2.50 रुपये प्रति यूनिट की स्थिर लागत और 1.25 रुपये प्रति यूनिट की परिवर्तनीय लागत की दर से बिजली उत्पादन किया जा सकता है।

### विपक्ष ने कहा, दिल्ली सेवा विधेयक लोकतंत्र व संविधान की मूल भावना के विरुद्ध

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सेवा विधेयक को विपक्ष ने लोकतंत्र और संविधान की मूल भावना के विरुद्ध बताया। राज्यसभा में इस पर चर्चा की शुरुआत भी विपक्ष की अगुआई करने वाली कांग्रेस ने ही की। पार्टी के वरिष्ठ नेता और अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि सरकार ने पहले सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ द्वारा दिए गए फैसले को अध्यादेश के जरिये रातोंरात बदला, अब वह साधारण विधेयक के जरिये उनमें बदलाव करने जा रही है। इस दौरान उन्होंने कई शेरो-शायरी भी सुनाई, हालांकि एक शायरी में वह अपनी पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर ही निशाना साध बैठे। जिसे लेकर सदन में जमकर ठहाके भी लगे।

## अविश्वास प्रस्ताव पर राहुल गांधी भी चर्चा में होंगे शामिल, पीएम मोदी 10 को देंगे जवाब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदन लोकसभा और राज्यसभा में दिल्ली सर्विस बिल पास हो गया है। अब का समय तय किया गया है। वहीं, युवजन श्रमिका रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी), शिवसेना, जनता दल-यूनाइटेड (जेडीयू), बीजू सदन में कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी भी बहस की शुरुआत कर सकते हैं। बता दें कि विपक्षी दलों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव



आज 8 अगस्त यानी मंगलवार से विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा होगी। इस दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी चर्चा की शुरुआत कर सकते हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 अगस्त को सदन में अविश्वास प्रस्ताव का जवाब देंगे। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 12 घंटे का समय तय किया गया है। इसमें भारतीय जनता पार्टी के लिए करीब 6 घंटे 41 मिनट और कांग्रेस पार्टी के लिए करीब एक घंटे 15 मिनट जनता दल (बीजेडी), बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी), भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) को कुल 2 घंटे का समय दिया गया है। वहीं, अन्य छोटे दलों और निर्दलीय सांसदों के लिए 1 घंटा 10 मिनट की समय सीमा तय की गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी निश्चित रूप से बोलेंगे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, आज को पिछले सप्ताह लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकार कर लिया था। लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस से पहले भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को अपने संसदीय दल की बैठक बुलाई है। बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर संसद के निचले सदन में मंगलवार और बुधवार यानी 8 और 9 अगस्त को बहस होनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 अगस्त को जवाब देंगे।

## मणिपुर के आदिवासियों का दल आज शाह से करेगा मुलाकात, कर्फ्यू में दोपहर तक की ढी गई ढील

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**इंफाल।** जातीय हिंसा से जुझ रहे मणिपुर के आदिवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से में पड़े हैं, उन्हें चूड़चंदपुर जिले में सामूहिक रूप से दफनाना आदि मांगें शामिल हैं। इस बीच कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी सोमवार को मणिपुर की स्थिति पर चर्चा



मुलाकात करेगा। उधर, मणिपुर के इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट जिलों में सोमवार तड़के पांच बजे से दोपहर तक कर्फ्यू में ढील दी गई, ताकि लोग दवाइयां और खाद्य सामग्री समेत अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर सकें। इंडिजनस ट्राइबल लीडर्स फोरम का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शाह से मिलकर उनके समक्ष अपनी पांच प्रमुख मांगें उठाएगा। इसमें एक अलग राजनीतिक प्रशासन के साथ-साथ जातीय हिंसा में मारे गए कुकी समुदाय के लोगों के शव, जोकि इंफाल करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह समेत राज्य के अन्य पार्टी नेताओं से मुलाकात की। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी शामिल हुए। इस बीच मैतेयी समुदाय की महिलाओं के समूह 'मीरा पैबिस' ने सोमवार को इंफाल घाटी के जिलों में असम राइफल्स के खिलाफ प्रदर्शन किया। यह समूह राज्य वेञ् हिंसाग्रस्त इलाकों से अ?र्द्धसैन्य बल हटाए जाने की मांग कर रहा है।

## पहली बार 10 दिवसीय मालाबार अभ्यास की मेजबानी करेगा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मालाबार अभ्यास की शुरुआत आगामी 11 अगस्त से आस्ट्रेलियाई जलक्षेत्र में होगी। इस अभ्यास में अमेरिका, जापान, भारत और आस्ट्रेलिया की नौसेनाएं और आस्ट्रेलिया के बीच द्विवार्षिक नौसैनिक अभ्यास ऑसीइंडेक्स होगा। मालाबार अभ्यास श्रृंखला भारत और अमेरिका के बीच 1992 में वार्षिक द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के रूप में शुरू हुई थी।



प्रतिभाग करेंगी। आस्ट्रेलिया पहली बार इस अभ्यास की मेजबानी करने जा रहा है। दस दिवसीय अभ्यास का उद्देश्य प्रमुख साझीदारों आस्ट्रेलिया, जापान, अमेरिका और भारत के बीच अंतरसंचालनीयत को बढ़ाना है। ये चारों देश क्वाड या चतुर्भुज सुरक्षा संवाद के भी सदस्य है। इसे खुले एवं स्वतंत्र हिंद-प्रशांत की साझा आकांक्षा के साथ साझेदारी को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस अभ्यास के तुरंत बाद भारत जापान 2015 में और 2020 में आस्ट्रेलिया मालाबार अभ्यास में शामिल हुए। इसे खुले एवं स्वतंत्र हिंद-प्रशांत की साझा आकांक्षा के साथ साझेदारी को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस अभ्यास के तुरंत बाद भारत और आस्ट्रेलिया के बीच द्विवार्षिक नौसैनिक अभ्यास ऑसीइंडेक्स होगा। मालाबार अभ्यास श्रृंखला भारत और अमेरिका के बीच 1992 में वार्षिक द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के रूप में शुरू हुई थी।

## आरपीएफ जवान के खिलाफ धर्म के आधार पर दुश्मनी को बढ़ावा देने का केस दर्ज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** चलती ट्रेन में अपने एक वरिष्ठ अधिकारी एवं तीन यात्रियों पर गोलीबारी कर उनकी जान लेने वाले आरपीएफ जवान चेतन सिंह की पुलिस रिमांड 11 अगस्त तक स्थान, निवास, भाषा, धर्म, नस्ल के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने से संबंधित है। एफआइआर में आइपीसी की धारा 302 (हत्या), आ?र्म्स एक्ट 3, 25, 27 और रेलवे



बढ़ा दी गई है। जीआरपी ने आरोपित आरपीएफ कांस्टेबल के खिलाफ एफआइआर में आइपीसी की धारा 153ए जोड़ी है। चेतन सिंह ने 31 जुलाई की सुबह जयपुर-मुंबई सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के बी-5 कोच में पहले अपने वरिष्ठ एएसआइ टीकाराम मीणा एवं एक यात्री पर गोली चलाई। उसके बाद कई डिब्बे पार कर पैंट्री कार में पहुंचा और वहां एक व्यक्ति की हत्या की। फिर एस-6 कोच में भी एक व्यक्ति की जान ली। घटना के कुछ देर बाद ही चेतन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था ये धारा जन्म एक्ट जोड़ा गया है। पुलिस ने सोमवार को आरोपित की रिमांड के दौरान कोर्ट को यह जानकारी दी। चेतन सिंह ने 31 जुलाई की सुबह जयपुर-मुंबई सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के बी-5 कोच में पहले अपने वरिष्ठ एएसआइ टीकाराम मीणा एवं एक यात्री पर गोली चलाई। उसके बाद कई डिब्बे पार कर पैंट्री कार में पहुंचा और वहां एक व्यक्ति की हत्या की। फिर एस-6 कोच में भी एक व्यक्ति की जान ली। ट्रेन में हुई इस घटना के कुछ देर बाद ही चेतन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था।

## राज्यसभा के पांच सांसदों का दावा, दिल्ली सेवा विधेयक पर प्रस्तावित समिति में बिना सहमति शामिल किया नाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा के पांच सदस्यों ने दावा किया है कि दिल्ली सेवा विधेयक के लिए प्रस्तावित सस्मित पात्रा ने राघव चड्ढा के खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव की मांग की है। थंबीदुरई पहले ही इसके लिए राज्यसभा के सभापति



जगदीप धनखड़ को पत्र दे चुके हैं। चड्ढा ने कहा कि जब विशेषाधिकार समिति नोटिस भेजेगी तो वह उन्हें जवाब देंगे। यह मामला उस समय उठा जब आम आदमी पार्टी (आप) नेता राघव चड्ढा ने विधेयक पर प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव में विधेयक को प्रवर समिति को भेजने प्रवर समिति में नाम शामिल करने से पहले उनकी सहमति नहीं ली गई। इस शिकायत पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने मामले की जांच कराने की सोमवार को घोषणा की। उपसभापति ने जब प्रवर समिति के सदस्यों के नाम पढ़े तब गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पांच सदस्यों ने शिकायत की है कि आप नेता द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में उनकी सहमति के बिना नाम शामिल किए गए हैं। गृह मंत्री ने इसे सदन के विशेषाधिकार का उल्लंघन बताते हुए कहा कि मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजा जाना चाहिए भाजपा के केएस फांगनोन कोन्याक, नरहरि अमीन और सुधांशु त्रिवेदी, अन्नाद्रमुक के एम. थंबीदुरई और बीजद के की बात कही गई थी। हालांकि चड्ढा के प्रस्ताव को ध्वनि मत से खारिज कर दिया गया। उपसभापति ने जब प्रवर समिति के सदस्यों के नाम पढ़े तब गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पांच सदस्यों ने शिकायत की है कि आप नेता द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव में उनकी सहमति के बिना नाम शामिल किए गए हैं। गृह मंत्री ने इसे सदन के विशेषाधिकार का उल्लंघन बताते हुए कहा कि मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजा जाना चाहिए। शाह ने कहा, उनकी ओर से किसने हस्ताक्षर किए हैं, यह जांच का विषय है। उन्होंने शिकायतकर्ता सदस्यों के बयान दर्ज करने का अनुरोध किया। शाह ने आप पर आरोप लगाया कि वह संसदीय कार्यवाही में धोखाधड़ी कर रही है।

## महंगे टमाटर ने 28 प्रतिशत बढ़ाई शाकाहारी थाली की लागत


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टमाटर की बढ़ती कीमतों का असर रेस्तरां में मिलने वाली शाकाहारी थाली पर भी दिखाई देने लगा है। जून की तुलना में इस साल-दर-साल के नजरिये से भी बढ़ी हैं। जुलाई में टमाटर की कीमतें 233 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 110 रुपये प्रति किलो हो गई, जबकि जून में इसकी कीमत मात्र दर-साल के नजरिये से भी बढ़ी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्याज और आलू की कीमतें क्रमशः 16 प्रतिशत और नौ प्रतिशत बढ़ीं, जिससे लागत में वृद्धि हुई। क्रिसिल



थाली की लागत में 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की 'रोटी-राइस रेट' रिपोर्ट में कहा गया है कि मांसाहारी थाली पर अपेक्षाकृत कम प्रभाव पड़ा और इसकी लागत केवल 11 प्रतिशत बढ़ी है। क्रिसिल ने कहा कि घर पर इस तरह की थाली बनाने की औसत लागत की गणना उत्तर दक्षिण पूर्व और पश्चिम भारत में प्रचलित इनपुट कीमतों के आधार पर की जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह लगातार तीसरा महीना है जब शाकाहारी थाली की लागत बढ़ी है और वित्त वर्ष 2023-24 में यह पहली बार है जब कीमतें 33 रुपये प्रति किलो थी। देश के अलग-अलग शहरों में टमाटर की कीमतें भिन्न-भिन्न हैं। राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर गुणवत्ता के आधार पर 180-220 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। क्रिसिल ने कहा कि घर पर इस तरह की थाली बनाने की औसत लागत की गणना उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत में प्रचलित इनपुट कीमतों के आधार पर की जाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह लगातार तीसरा महीना है जब शाकाहारी थाली की लागत बढ़ी है और वित्त वर्ष 2023-24 में यह पहली बार है जब कीमतें साल-ने कहा कि जून की तुलना में जुलाई में मिर्च की कीमतें 69 प्रतिशत बढ़ीं, लेकिन चूंकि भोजन बनाने में इसका सीमित प्रयोग होता है, इसलिए शाकाहारी थाली की महंगाई में इसका असर बहुत सीमित है। चिकन की कीमत में तीन से पांच प्रतिशत की गिरावट से मांसाहारी थाली की लागत में बढ़ोतरी कम हुई। मांसाहारी थाली की लागत में आधा हिस्सा चिकन का होता है। वनस्पति तेल की कीमतों में महीने-दर-महीने दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इससे दोनों प्रकार की थालियों की लागत में वृद्धि से कुछ राहत मिली है।

## करेगी छात्राओं के अश्लील वीडियो मामले की जांच, सीएम सिद्दरमैया ने दिया आदेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने बनाने के मामले की जांच सीआइडी को करने के आदेश दिए गए हैं। आपराधिक जांच विभाग (सीआइडी) को सौंप दी। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया



सोमवार को छात्राओं के अश्लील वीडियो बनाने के मामले की जांच विशेष शाखा आपराधिक जांच विभाग (सीआइडी) को सौंप दी। मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने कहा कि निजी कालेज के शौचालय में वीडियो यह संवेदनशील मामला है और अतिरिक्त जांच के लिए इसे सीआइडी को सौंपा गया है। कर्नाटक सरकार ने सोमवार को छात्राओं के अश्लील वीडियो बनाने के मामले की जांच विशेष शाखा ने कहा कि निजी कालेज के शौचालय में वीडियो बनाने के मामले की जांच सीआइडी को करने के आदेश दिए गए हैं। यह संवेदनशील मामला है और अतिरिक्त जांच के लिए इसे सीआइडी को सौंपा गया है।

## अग्निवीरों को रेलवे की नौकरियों में 15 प्रतिशत तक आरक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में काम करने वाले युवाओं को रेलवे बोर्ड की नौकरियों में 15 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जा रहा है। यह आरक्षण राजपत्रित पदों के लिए लेवल-1 में 10 प्रतिशत एवं लेवल-2 एवं उससे ऊपर के पदों में पांच प्रतिशत है। रेलवे में कांस्टेबल पद के लिए भर्ती में अग्निवीरों को शारीरिक दक्षता परीक्षा से छूट दी गई है। भर्तियों के बारे में रेलमंत्री ने बताया कि वर्ष 2018-19 से 30 जून 2023 तक लगभग तीन लाख युवाओं को रेलवे में नौकरियां दी गई हैं। इनमें एक लाख 28 हजार 349 आवेदकों को पदों के लिए और एक लाख 47 हजार 280 उम्मीदवारों को लेवल-1 पदों के



लिए चुना गया है। चार वर्ष तक काम करने वाले अग्निवीरों को शारीरिक दक्षता परीक्षण से छूट के साथ आरपीएफ या आरपीएसएफ में कांस्टेबल के पद के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है।

## भारत और भूटान के बीच चलेगी ट्रेन, 57 किमी लंबे रेल लिंक का पूरा हुआ सर्वेक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और भूटान के बीच जल्द ही अंतरराष्ट्रीय रेल सेवा बहाल होगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि, दोनों देश असम के कोकराझार और भूटान के शहर गेलेफू के बीच रेलवे लाइन बिछाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। इस रेल लाइन से व्यापार और पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिलेगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भूटान और असम के बीच रेलवे लाउन पर बातचीत अंतिम दौर में हैं। भूटान पर्यटकों के लिए ज्यादा से ज्यादा केंद्र खोलने के लिए बहुत उत्सुक है और यह असम के लिए बहुत अच्छा है। बता दें कि भारत और भूटान के बीच रेलवे लिंक का निर्माण शुरू करने के लिए सर्वेक्षण



अप्रैल 2023 में पूरा हो गया था। मंत्री जयशंकर ने कहा कि, ''भूटान और असम के बीच रेलवे लाउन पर बातचीत अंतिम दौर में हैं। भूटान पर्यटकों के लिए ज्यादा से ज्यादा केंद्र खोलने के लिए बहुत उत्सुक है और यह असम के लिए बहुत अच्छा है।'' विदेश मंत्री 2014 के बाद से सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी में प्रगति पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि, भारत और भूटान के बीच रेलवे लिंक का निर्माण शुरू करने वेञ् लिए सर्वेक्षण अप्रैल 2023 में पूरा हो गया था। रेलवे लाइन भूटान के गेलेफू और भारत वेञ् असम में कोकराझार को जोड़ेगी। इस 57 किलोमीटर लंबे रेलवे लिंक का निर्माण कार्य 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है और इसे भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा।

# प्रयागराज रेलवे पटरी पर तीन शव मिलने से फैली सनसनी, हत्या के बाद शव फेंकने की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** के गंगानगर के इंडिया थाना क्षेत्र के आसेपुर गांव में रेलवे ट्रैक पर तीन शव मिलने से सनसनी वह सन्न रह गए। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जब पहचान शुरू की तो युवक की का मिला था शव हंडिया थाना क्षेत्र के जबराडीह गांव के सामने शुक्रवार को भी सुबह रेलवे ट्रैक के बगल झाड़ी में एक शव पाया गया था।



फैल गई। आशंका जाहिर की जा रही है कि हत्या करने के बाद शव को यहां फेंका गया है। पुलिस ने युवक की तो शिनाख्त कर ली है, लेकिन महिलाओं की पहचान नहीं हो पा रही है। हंडिया थाना क्षेत्र के सैदाबाद स्थित आसेपुर गांव में शनिवार को सुबह रेलवे ट्रैक पर दो महिलाओं और एक युवक का शव पड़ा मिला। सुबह उधर से गुजर रहे लोगों की नजर जब पड़ी तो जेब से मिले पहचान पत्र के आधार पर उसकी पहचान जमशेदपुर झारखंड के रूप में हुई। युवक का नाम अरुण यादव बताया जा रहा है। घरवालों ने शव की पहचान की महिलाओं के शवों के बारे में वह कुछ जानकारी नहीं दे पाए। महिलाओं की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कल भी रेलवे ट्रैक के पास एक युवक उसकी पहचान जेब से मिले पहचान पत्र के आधार पर दरभंगा बिहार निवासी इफ्तेखार अहमद के रूप में की गई थी। उसकी जेब से रेलवे के दो टिकट मिलने थे। सामान्य श्रेणी के दो रेलवे टिकट दरभंगा से शिवाजी टर्मिनस मुंबई के लिए जारी किया गया था। दूसरे दिन शनिवार को फिर तीन तीन शव मिलने से दो दिन में रेलवे पटरी के पास कुल चार शव मिल चुके हैं।

# माफिया ब्रदर्स अतीक और अशरफ को विधानसभा में दी गई श्रद्धांजलि,प्रयागराज में हुई थी हत्या

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल



का मानसून सत्र आज सोमवार से शुरू हो गया है।सत्र शुरू होते ही विपक्ष ने महंगाई, गन्ना भुगतान जैसे किसानों के मुद्दे पर हंगामा किया।पहले विधानमंडल के बाहर प्रदर्शन हुआ।इसके बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई विपक्षी सदस्य हाथों में तख्तियां लिए हुए बेल में पहुंच गए और हंगामा शुरू हो गया।विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना विपक्षी सदस्यों को शांत कराने का प्रयास करते हुए दिखे।विपक्ष की ओर से सदन की कार्यवाही को चलने देने से रोका गया। विधानसभा की कार्यवाही के दौरान विपक्ष के हंगामे के बीच अध्यक्ष सतीश महाना ने कुछ देर के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित की। माफिया ब्रदर्स अतीक और अशरफ को दी गई श्रद्धांजलि आपको बता दें कि आज सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सदन ने पूर्व विधायक माफिया अतीक अहमद और उसके माफिया भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ को श्रद्धांजलि दी।विधानसभा में अतीक अहमद और अशरफ के अलावा अन?य माननीयों को भी श्रद्धांजलि दी गई। सदन ने पूर्व विधायक सत्तार अंसारी, अमर सिंह, प्रेम प्रकाश सिंह, रणधीर सिंह।

# 50 लाख रंगदारी के मामले में पूर्व सांसद माफिया अतीक अहमद गैंग के फाइनेंसर बिल्डर खालिद का बहनोई आया पुलिस की गिरफ्त में

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के गैंग को वित्तीय मदद पहुंचाने वाले खालिद जफर के बहनोई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 50 लाख रुपये रंगदारी मांगने का भी आरोप है। जिसका मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस इसकी काफी दिनों से तलाश कर रही थी। शनिवार को इसे एसओजी की टीम ने धर दबोचा। पुलिस माफिया अतीक अहमद के गैंग को नेस्तनाबूद करने में जुट गई है। माफिया से जुड़े लोगों पर चुन-चुन कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पता लगाने में जुटी है कि कौन लोग हैं जो अब भी माफिया अतीक के गैंग से जुड़े हैं और अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके दहशत पैदा कर रहे हैं। खालिद जफर बिल्डर है और माफिया अतीक अहमद का बेहद करीबी है। आरोप है कि खालिद ही अतीक गैंग के लोगों की वित्तीय मदद करता है। खालिद जफर के बहनोई इरफान हसन पर 50 लाख रुपये रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस काफी दिनों से उसकी खोजबीन कर रही थी। यह मुकदमा खालिद जफर के साथ ही इरफान और उसके भाई पर दर्ज हुआ था। धमकी और रंगदारी सहित कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। एसओजी ने इरफान को गिरफ्तार कर लिया है।



# सेमस्टार ग्लोबल स्कूल नैनी प्रयागराज में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया





**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** थाना नैनी कमिश्नरेट प्रयागराज के द्वारा आज दिनांक 07.08.2023 को नैनी क्षेत्र गंगोत्री नगर सेमस्टार ग्लोबल स्कूल नैनी प्रयागराज में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस मौके पर एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान एवं,प्रभारी निरीक्षक विरेन्द्र सिंह एवं उप निरीक्षक शालिनी सिंह के द्वारा छात्र/छात्राओं को साइबर क्राइम,मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूक कर हेल्प लाइन नंबर 1930,1090,112,1098,181, इत्यादि की जानकारी दी गई।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण परिवार संगठन की हुई बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।**उत्तर प्रदेश के जनपद अमेठी में पुलिस लाइन के पास अखिल भारतीय ब्राह्मण परिवार संगठन की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विष्णु कुमार वाजपेयी जी ने की।बैठक में सभी पदाधिकारियों द्वारा राज्य मध्य प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष पं.धीरेन्द्र तिवारी जी द्वारा प्रदेश तथा पूरे मध्य प्रदेश में जनपद कार्यकारिणी गठन पर खुशी जताई और सभी पदाधिकारियों द्वारा मध्य प्रदेश में संगठन विस्तार में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की ईच्छा जताई। प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पद पर पं. शिवम तिवारी जी की तथा प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर पं. प्रभाकर उपाध्याय तथा जनपद अमेठी अध्यक्ष पद पर पं. पुष्पेश शुक्ल एवं जनपद अमेठी के उपाध्यक्ष पद पर पं. अनुभव मिश्र जी की नियुक्ति की गई।। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं. राजकुमार तिवारी जी को अध्यक्ष जी की अनुपस्थित में कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की गई तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री जी की अनुपस्थित में अधिवक्ता अलोक मिश्र जी को कार्य वाहक संगठन मंत्री एवं मध्य प्रदेश राज्य के प्रभारी के रूप में नियुक्ति की गई। बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं.राजकुमार तिवारी जी द्वारा जनपद अमेठी के साथ साथ पूरे प्रदेश में संगठन के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया।प्रदेश अध्यक्ष पं. शिवम तिवारी जी द्वारा बहुत जल्द ही पूरे प्रदेश में नई कार्यकारिणी तथा संगठन विस्तार पर जोर दिया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष जनपद अमेठी द्वारा अपने सहयोगी जनपद अमेठी उपाध्यक्ष के साथ पूरे जनपद में जल्द ही नई कार्यकारिणी गठन पर जोर दिया गया।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय विधिक सलाहकार एवं कार्यवाहक संगठन मंत्री अधिवक्ता अलोक मिश्र जी द्वारा किया गया।। बैठक का संयोजन पं. रमाकांत मिश्र मधुबनी राष्ट्रीय संयोजक द्वारा किया गया। बैठक में राष्ट्रीय सचिव पंडित विवेक तिवारी,राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी अधिवक्ता संदीप पाण्डेय,राष्ट्रीय युवा मोर्चा महामंत्री पंडित उमेश तिवारी,राष्ट्रीय युवा मोर्चा मिडिया प्रभारी रविकांत तिवारी आदि विप्रो ने आज के कार्यक्रम को सफ़ल बनाने में मुख्य भूमिका निभाई।







ADMISSIONS OPEN FOR SESSION 2023-24

WARNER COLLEGE OF DAIRY TECHNOLOGY

Sam Higginbottom University of Agriculture, Technology and Sciences (SHUATS), Prayagraj (Allahabad), U.P.- 211007 (India)

OBJECTIVES
- To create Dairy and Food Technologist to address technical and management problems of Dairy and Food industry.
- To develop technical abilities and interpersonal skills.
- To develop entrepreneurship knowledge and skills in establishing and managing Dairy and Food industries.

| | PROGRAMMES | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma | IDD (Dairy Technology) | 2 Years |
| | Dairy Food Safety and Quality | 1 Year |
| | Dairy Food Analysis and Quality Management | |
| UG | B. Tech. Dairy Technology | 4 Years |
| | B.Sc. (Hons.) Food Technology | |
| PG | M.Tech./ M.Sc (Dairy Technology) | 2 Years |
| | M.Tech. (Dairy Engg) | |
| | M.Tech./ M.Sc (Dairy Chemistry) | |
| | M.Tech./ M.Sc (Dairy Microbiology) | |
| | M.Sc. (Food Science and Technology) | |
| | M.Sc. (Dairy Economics/Dairy Extension) | |
| | M.B.A. (Dairy Business Management) | |

DEPARTMENTS
- Dairy Technology
- Dairy Engineering
- Dairy Chemistry
- Dairy Microbiology
- Dairy Trade & Business Management

Elite Features
- State-of-the-art classrooms with LCD projectors.
- Around 500 books in college library.
- Industrial Training and Experiential Learning Module.
- High Tech Research Labs.
- Student Dairy plant for hands on training
- Wi-Fi facility available in college premises.
- Separate hostel facility for boys and girls.

STUDENTS PLACEMENT

National Dairy and Food Plant
- Amul Dairy
- Mother Dairy
- Lactalis
- Nestle S.A.
- Hatsun Agro Product
- Perfetti van Melle
- Heritage Foods Limited
- Gyan Dairy
- Namaste India
- Parag Dairy
- Paras Dairy
- Sudha Dairy


International Dairy and Food Plant
- International Foodstuffs Co. (IFFCO), Dubai
- Al-Ain (Dubai)
- Al-Rawabi (Dubai)
- National Food Plant, UAE

Government and Public Sector
- Dairy Development Officer
- FSSAI, AGMARK, BIS, BIS
- Banking sector









Some Distinguished Alumni
- Harshev Singh, CEO, Reliance Dairy Foods Ltd.
- S.P. Verma, Vice President, Bhole Baba Milk Food Industries, Rajasthan
- M.K. Shukla, DDO, Govt of U.P.
- G.P. Tiwari, GM, CP Milk Foods Ltd, Lucknow
- M.N. Dwivedi, MD, Sudha Dairy, Samastipur
- S.M. Ghouse, Head, Plant operations, Al-Rawabi Dairy, UAE
- Shailendra Kumar, Dy. Manager (HR), Mother Dairy, Delhi
- T.V. Rao, Dairy Advisor, USA

Contact
Prof.(Dr.) JohnDavid
Dean, Warner College of Dairy Technology, SHUATS, Prayagraj, UP- 211007 (India)
Email: sdean_dairy @shiats.edu.in
Mob No: +917565937730/ +91 9453226735

# पीएम मोदी ने प्रयागराज जंक्शन सहित 508 स्टेशनों के पुनर्विकास का किया शिलान्यास

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 508 रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास किया किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग और फूलपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए रखी गई। पीएम मोदी ने रिमोट दबाकर पुनर्विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। परिसर में जश्न का माहौल रहा। परिसर तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, प्रभारी मंत्री प्रयागराज स्वतंत्र देव सिंह भी शामिल रहे।प्रयागराज जंक्शन पर सिटी साइड के यात्री आश्रय संख्या दो पर कार्यक्रम चल रहा है। दीप प्रज्ज्वलित कर सांसद केशरी देवी पटेल, विनोद सोनकर, विधायकों में गुरु प्रसाद मौर्य, वाचस्पति एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, केपी श्रीवास्तव, वीके सिंह, जीएम एनसीआर सतीश ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम स्थल पर परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह व प्रभारी मंत्री प्रयागराज स्वतंत्र देव सिंह भी पहुंच गए हैं। दर्शकों के लिए दो बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई है। जीएम एनसीआर सतीश कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग जंक्शन और फूलपुर रेलवे स्टेशन समेत देशभर के 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास किया जा रहा है। प्रयागराज जंक्शन पर पांच हजार अतिथियों के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल हुए हैं। इसके अलावा इसमें सांसद केशरी देवी पटेल, सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी, विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हैं। कार्यक्रम को लेकर शनिवार को देर रात तक तैयारियां चलती रहीं। जिसे देखने के लिए एनसीआर के जीएम सतीश कुमार, डीआरएम हिमांशु बडोनी भी जंक्शन पर पहुंचे। यहां मुख्य हाल में जंक्शन का थ्री डी माडल भी देखा। सिटी साइड यात्री आश्रय संख्या दो पर मंच के साथ अतिथियों के बैठने की व्यवस्था है। यहां दो बड़ी एलईडी स्क्रीन पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग का प्रसारण होगा। जबकि जंक्शन । समेत अन्य स्टेशनों की वीडियो चलाई जाएगी।



# 33 करोड़ की लागत से विकसित होगा सीतापुर का रेलवे स्टेशन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** भारत के प्रधानमंत्री द्वारा 508 अमृत स्टेशनों के पुनर्विकास एवं लोकार्पण में सीतापुर जिले के स्टेशन नाम शामिल होने से सीतापुर वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है सीतापुर जिले में विश्वविख्यात नैमिष तीर्थ होने के कारण एवम भाजपा सांसद राजेश वर्मा के अथक प्रयासों से सीतापुर वासियों को यह तोहफा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने दिया है 33 करोड़ की लागत से सीतापुर रेलवे स्टेशन का सौदरीकरण होगा जिसमें ओवरब्रिज, एक्सलेटर ,लिफ्ट व पीने के पाने की व्यवस्था ,बेहतर शौचालय, यात्रियों के बैठने की व्यवस्था आदि का निर्माण होना हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल तरीके से इस कार्य का लोकार्पण किया इस अवसर पर सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ,नगर विकास मंत्री राकेश राठौर गुरु, एमएलसी पवन सिंह, जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा के साथ कई नेता एवं पार्टी कार्यकर्ता एवं भारी जनसमूह उपस्थित रहा सभी ने प्रधानमंत्री जी के सराहनीय कार्य के लिए हमें धन्यवाद दिया।



# मा0 प्रभारी मंत्री जी ने ग्राम असरावेकला ( मकनपुर ), ब्लाक भगवतपुर में आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रम में हुए सम्मिलित

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** मा0 मंत्री जी ने पांच बच्चों का अन्न प्रासन, पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की मा0 मंत्री जी ने हरीशंकरी पौधे का पौधारोपण किया मा0 प्रभारी मंत्री जी ने वीआईपी गेस्ट हाउस एवं निर्माणाधीन दो-लेन उपरिगामी सेतु का किया निरीक्षण मा0 मंत्री, जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) उ0प्र0/ प्रभारी मंत्री, जनपद प्रयागराज श्री स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को ग्राम असरावेकला (मकनपुर), ब्लाक भगवतपुर में निर्मित स्वतंत्रता सेनानी जगपत सिंह अमृत सरोवर पर आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर चौपाल में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए मा0 प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी को गांव के प्रति, आपके प्रति व हर व्यक्ति के प्रति प्रेम है और वे हर व्यक्ति को सुखी चाहते है। मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी सभी विधवाओं/बुजुर्गों को पेंशन, गरीब को पक्का मकान, शौचालय, बिजली, पानी, गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड, दुर्घटना बीमा, निःशुल्क आनाज, बच्चों की शिक्षा व पोषाहार, गरीब बेटियों की शादी, गर्भावस्था में महिलाओं को पोषाहार, अच्छी सड़कें आदि की व्यवस्था उपलब्ध कराने एवं भयमुक्त वातावरण कायम रखने के लिए दिन-रात कार्य कर रहे है। आप लोगो को सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके, सारी व्यवस्थायें चुस्त-दूरूस्त सुनिश्चित रहे एवं सभी लोग खुशहाल रहें, इसलिए हम लोग आपके मध्य आयें है। मा0 मंत्री जी ने उपस्थित लोगो से संकल्प लेने की अपील की कि आप लोग आज के बाद आपस में कोई विवाद नहीं करेंगे, सभी लोग सौहार्दपूर्वक रहेंगे, बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार देकर उनके भविष्य का निर्माण करेंगे, घरेलू हिंसा नहीं करेंगे, बुजुर्गों की सेवा करेंगे, नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहेंगे एवं अपने परिवेश को साफ-सुथरा बनाये रखने का प्रयास करेंगे। मा0 मंत्री जी के द्वारा पांच बच्चों का अन्न प्रासन, पांच गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गयी। मा0 मंत्री जी के द्वारा स्वतंत्रता सेनानी जगपत सिंह अमृत सरोवर परिसर में हरीशंकरी(पीपल, बरगद, पाकड़) पौधे का पौधारोपण किया गया एवं मा0 मंत्री जी के द्वारा अमृत सरोवर का निरीक्षण भी किया गया। मा0 मंत्री जी ने बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा ''सर्व शिक्षा अभियान'' जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना के स्टॉल को देखा। इस अवसर पर मा0 सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल एवं मा0 विधायक शहर पश्चिमी श्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी श्री भोलानाथ कनौजिया के द्वारा सरकार के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं/कार्यो की ग्राम असरावेकला (मकनपुर), ब्लाक भगवतपुर में प्रगति के बारे में बताया। इसके पूर्व मा0 प्रभारी मंत्री जी ने ड्रमण्ड रोड प्रयागराज स्थित निर्माणाधीन वीआईपी गेस्ट हाउस एवं इलाहाबाद-कानपुर सेक्शन(रेलवे) के अन्तर्गत बेगम बाजार-भगवतपुर मार्ग पर निर्माणाधीन दो-लेन उपरिगामी सेतु का निरीक्षण किया। मा0 प्रभारी मंत्री जी ने सेतु निगम के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर से निर्माणाधीन उपरिगामी सेतु के निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली। इस अवसर मा0 जनप्रतिनिधिगणों के अलावा जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# अपना कार्यालय छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं एडीजी, गये छुट्टी पर कमिश्नरेट के नए कार्यालय की स्थापना

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** को लेकर अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर और पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा में खींचतान बढ़ गई है। एडीजी खुद को सीनियर बताते हुए पीएचक्यू का प्रथम तल छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। यहीं के रिकॉर्ड रूम को खाली कराकर पुलिस कमिश्नर का कार्यालय बनाया जा रहा है। इससे नाराज एडीजी छुट्टी पर चले गए हैं। अफसरों के बीच खींचतान का यह मामला सीएम कार्यालय तक पहुंच गया है। खुफिया विभाग ने भी इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी है। सूत्रों के मुताबिक खुफिया विभाग की ओर से शासन को भेजी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रयागराज में कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद तैनात किए गए पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने अपने कार्यालय में एक भी दिन बैठकर सरकारी कार्य नहीं किया है। अपर पुलिस आयुक्त पवन कुमार ही अपना सरकारी कामकाज दफ्तर में बैठकर निबटाते आए हैं। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) के पुराने भवन में एडीजी जोन, पीएसी पूर्वी जोन के आईजी, क्षेत्रीय अभिसूचना इकाई, सतर्कता अधिष्ठान व सीबीसीआईडी के एसपी के साथ-साथ एटीएस और एसटीएफ के कार्यालय संचालित हैं। इसी भवन में कमिश्नरेट की स्थापना का आदेश डीजीपी विजय कुमार ने जारी किया है। इसके बाद एएसआई से संरक्षित पीएचक्यू के पुराने भवन में कमिश्नरेट कार्यालय की स्थापना शुरू की गई है। कई दफ्तर खाली कराए जा चुके हैं। क्षेत्रीय अभिसूचना इकाई के दफ्तर को मौखिक निर्देश पर ही खाली करा दिया गया है। इस बीच कई अफसरों ने दफ्तर छोड़ने में आनाकानी शुरू कर इससे स्थिति असहज हो गई है। भूतल पर जहां कमिश्नरेट की शिफ्टिंग कराई जानी है, वहीं एडीजी का कार्यालय है। एडीजी अपना,कार्यालय पुलिस कमिश्नर दफ्तर के लिए छोड़ने के बजाए छुट्टी पर चले गए हैं। शुक्रवार को उन्हें वापस आना था, लेकिन उन्होंने अवकाश बढ़ा दिया है। इससे असमंजस के बादल छा गए हैं। सूत्रों का कहना है कि कार्यालय शिफ्टिंग को लेकर एडीजी जोन ने शासन को पत्र भी लिखा है। कमिश्नरेट की शिफ्टिंग को लेकर अफसरों में खींचतान की शिकायत सीएम कार्यालय तक पहुंच गई है। खुफिया विभाग की ओर से भी इस खींचतान पर शासन को रिपोर्ट भेजी गई है। इसमें कहा गया है कि पुलिस मुख्यालय के पुराने भवन में कमिश्नरेट की स्थापना को लेकर एडीजी जोन और पुलिस कमिश्नर के बीच सामंजस्य नहीं है। इस वजह से जनता परेशान है और सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। पूरे प्रकरण पर दोनों अफसर मौन है।



# सपा नोएडा महानगर ने छोटे लोहिया को किया शत-शत नमन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र की जयंती सेक्टर 53 स्थित कंचनजंगा मार्केट सपा नोएडा महानगर कार्यालय पर नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाकर धूमधाम से मनाई गई। डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने समाजवाद का पर्चा लहराया था उन्होंने हमेशा दलित शोषित और पीड़ितों की लड़ाई लड़ी थी उन्होंने सदैव समाज के बारे में चिंतन किया, उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी समाजवादियों के लिए समर्पित कर दिए, उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज नोएडा शहर में स्वास्थ्य, शिक्षा और कानून व्यवस्था पूरी तरह से लचर हो चुकी है सरकारी अस्पताल में लोग बिना इलाज और दवाई के परेशान हैं नोएडा के जनसंख्या के अनुपात में ना तो यहां कॉलेजों की संख्या बढ़ाई गई और ना ही सरकारी स्कूलों की संख्या बढ़ाई गई, स्कूलों कॉलेज में व्यवस्था पूरी तरह फेल है, आज शहर में चारों तरफ भय का माहौल है लगातार लूट ,चोरी, कत्ल की वारदात शहर में बढ़ती जा रही है, मोहम्मद ऐबाद ने कहा कि जनेश्वर मिश्र को छोटे लोहिया के नाम से भी जाना जाता है उनके रग रग में समाजवाद भरा हुआ था, वही सपा के संस्थापक सदस्य व वरिष्ठ नेता जय करण चौधरी ने कहा कि आज जनेश्वर मिश्र की जयंती पर सभी समाजवादी लोग व्रत लेंगे कि वे जनेश्वर मिश्र के बताए मार्ग पर चलकर भाजपा की भय भूख और भ्रष्टाचार के उल्टे पड़े नारे को जन-जन तक पहुंचाएंगे और उन्हें बताएंगे कि महंगाई किस चरम पर है पेट्रोल डीजल महंगे हो गए हैं इसके साथ सरसों का तेल और अन्य चीजों के दाम भी आसमान छू रहे हैं, ,आज के बैठक में मौजूद मुख्य लोगों में मोहम्मद ऐबाद, जयकरण चौधरी, सुबे यादव, सुनील चौधरी,शकील सैफी, बबलू चौहान, मोहम्मद नौशाद, मुकेश प्रधान,गौरव कुमार यादव , वीरपाल अवाना, देवेंद्र अवाना, देवेंद्र गुर्जर,मुन्ना आलम, हीरालाल यादव, महेश त्यागी, विकास कुंडिया, मोनू खारी,अजीम अली जैदी, लोकपाल यादव, प्रवीण शर्मा, अनिल शर्मा, सौरभ चौहान, राणा मुखर्जी, रोहित यादव, शीशपाल यादव, अरविंद चौहान, दिव्यांशु सूद, सुमित अंबावत , कवित गुर्जर,रामवीर यादव,बिल्लू सैफी, मोहित, विक्की तंवर , गुलजार अल्वी, उदय सिंह जाटव ,बबली शर्मा, राम सहेली, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




# प्रयागराज करेली में हुई युवक पर बम से मारने की घटना का पुलिस ने किया खुलासा वादी ही निकला बमबाजी का षड़यंत्र कारी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** प्रयागराज थाना करैली अन्तर्गत दिनांक 03.08.2023 को रात्रि करीब 9:30ज्स् बजे गौस नगर करैली में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आशु उर्फ मोहम्मद अमान पुत्र माशूक अंसारी के ऊपर विस्फोटक पदार्थ फेंका गया था, बम फेंकने की घटना का सीसीटीवी दी सामने आया था सीसीटीवी की फुटेज पर पुलिस ने जांच शुरू की तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए घटना की सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के दौरान यह देखा गया कि आरोपी जिस बैग में विस्फोटक पदार्थ लाया था, विस्फोटक पदार्थ फेकने के उपरान्त उस बैग को वह घटना स्थल पर ही फेंक कर भाग गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त बैग को कब्जे में लेकर देखा गया तो उस पर कोरबा छत्तीसगढ़ लिखा पाया गया। जांच से पता चला कि कोरबा, छत्तीसगढ़ में वादी की एक मौसी कामिनी पत्नी आसिफ अंसारी ब्याही हुई हैं जो कुछ माह पूर्व ही वादी के घर आई है।इससे सन्देह हुआ कि उक्त बैग वादी द्वारा ही आरोपियों को उपलब्ध करवाया गया होगा। (कोरबा के उक्त बैग में एक कपड़ा भी वादी द्वारा आरोपीगण को मुँह पर बांधने हेतु दिया था, तथा उसी में आरोपी विस्फोटक पदार्थ लाए थे)। इसके साथ ही जब घटना के कुछ समय पूर्व का वीडियो देखा गया तो उस वीडियो में वादी एक जगह बैठकर एक लड़के को वीडियो में कुछ दिखा रहा है। इसी दौरान ङ्जब आरोपीगण एक बाइक से आते हैं, तो वादी पूर्व योजना अनुसार तुरंत उठकर ऐसे स्थान पर आ जाता है जहां आरोपी उस पर सुरक्षित हमला कर सके।वादी द्वारा बताया गया कि उसकी दूसरी पत्नी जैनब से उसका विवाद चल रहा है क्योंकि जैनब ने उसकी बिना मर्जी के दूसरे व्यक्ति से शादी कर ली है,जिसमें जैनब के परिवार वालों द्वारा भी उसका साथ दिया गया।



# बंधी मे डूबने से 30 वर्षीय युवक की हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला,सोनभद्र।** चोपन थाना क्षेत्र के गुरमुरा के टोला झिंगटखोली के बंधी में एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय घसिया पुत्र स्व0 जोगेन्द्र घसिया उम्र लगभग 30वर्ष निवासी ग्राम पंचायत कोटा टोला गुरमुरा की बंधी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की लड़की सुमन ने बताया कि शुक्रवार को लगभग 9बजे घर से निकले हैं। शनिवार की सुबह लगभग साढ़े छः बजे आने जाने वालों ने देखा तो भौचक्के रह गए। वही बंधी पर दो कपड़ा भी मिला है और शव भी कपड़ा पहने हुए हैं वही लोगों द्वारा अनुमान लगाया जा रहा है कि यह कपड़ा धोने आया था और पैर फिसलने के कारण बंधी में डूब गया जिससे मौत हो गई। इस घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल, प्रधान एवं चोपन थाने दे दी गई हैं। परिजनों ने बताया कि मृतक के चार छोटे छोटे बच्चे हैं दो लड़का व दो लड़की जो अनाथ हो गए हैं और मृतक के माँ एवं बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है।



# वैगनआर गाड़ी पेड़ से टकरा गइ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** मीरजापुर आज दिनांक 06.08.2023 को थाना राजगढ़ क्षेत्रांतर्गत नदीहार बाजार के पास मीरजापुर से राबर्टसगंज के तरफ जा रही वैगनआर गाड़ी पेड़ से टकरा गई। गाड़ी में 5 लोग सवार थे जिसमें ड्राइवर की सीट के बगल में बैठे श्री गुरु चरण आनंद सरस्वती महाराज मारकुंडी घाटी दुर्गा मंदिर राबर्टसगंज की मौके पर मृत्यु हो गयी तथा शेष चार लोग 1-दिनेश गुप्ता पुत्र बच्चू लाल गुप्ता उम्र करीब 35 वर्ष निवासी नई बस्ती राबर्टसगंज, 2-अमरीश तिवारी पुत्र गोविंद हरी तिवारी उम्र करीब 47 वर्ष निवासी शाहगंज थाना शाहगंज, 3-आशीष मिश्रा पुत्र मुक्तिनाथ मिश्रा उम्र करीब 40 वर्ष निवासी अकरहवा पोखरा राबर्टसगंज, 4-गाड़ी चालक विजय कुमार पुत्र हजारी प्रसाद उम्र करीब 40 वर्ष निवासी राबर्टसगंज कस्बा थाना राबर्टसगंज चोटिल हुए । सूचना पर थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज हेतु सीएचसी राजगढ़ भेजवाया गया जहां स्थिति सामान्य है । मृतक गुरु चरण उपरोक्त के शव को कब्जें में लेकर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है ।




# सदर प्रमुख ने पौधरोपण कर लोगों को किया प्रेरित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार 22 जुलाई से 15 अगस्त तक वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार चुर्क मंडल के नगर पंचायत के रामलीला मैदान के पास पौधरोपण किया गया भाजपा अनुसूचित क्षेत्रीय अध्यक्ष व सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि पौधरोपण अभियान के कार्यक्रम में चुर्क मंडल के पदाधिकारियों को बतलाया कि अपने-अपने बुध सेक्टर प्रभारियों के साथ पौधरोपण करें और सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घर बगीचे में पौधरोपण करें उसका संरक्षण भी करें अभियान को सफल बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर पौधरोपण करना अनिवार्य है और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी यह भी जरूरी है जिसको लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा जुलाई माह में अवैध रूप से पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया गया था जिसको हम सभी को निभाना है और वह हर घर पौधरोपण कराना है साथ में उसकी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दीपचंद , अंशु, संजय कनौजिया ,रमेश पासवान कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



# शिकायतो का त्वरित गति से संतुष्टिपूर्ण हो निस्तारण -जिलाधिकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** तहसील लालगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सुनी गयी जन समस्या तहसील लालगंज में जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 291 प्रार्थना पत्रों में से 10 का मौके पर किया गया निस्तारण मीरजापुर 05 अगस्त 2023- शासन के मंशानुरूप जिलाधिकारी के मार्ग निर्देशन में जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील लालगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस के द्वारा आये हुये फरियादियों के समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रार्थना पत्रों को प्रेषित किया गया। जिलाकधिकारी ने कहा कि जो प्रार्थना पत्र जिस अधिकारी को दिया जा रहा है वह तहसील से प्राप्त कर मौके पर पहुंचे तथा जनता की समस्याओं को सुनकर उसका स्थलीय निराकरण करें। उन्होने कहा कि निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं फरियादी के संतुष्टि होने पर आख्या तहसील को भेजे।



# आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत 'मेरी माटी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** मेरा देश, जन सहभागिता के साथ मनाये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा तहसील लालगंज के परिसर में किया गया पौधरोपण मीरजापुर 05 अगस्त 2023- जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने तहसील लालगंज के सभागार में भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत 'मेरी माटी, मेरा देश (09 से 30 अगस्त, 2023) एवं हर घर तिरंगा (13 से 15 अगस्त, 2023) अभियान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जन सहभागिता के साथ मनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाँठ के अवसर पर विगत वर्ष हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 तक उल्लास एवं गरिमा के साथ प्रदेश के 5.25 करोड़ आवासित घरों/सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों पर तिरंगा फहराते हुए प्रदेश में जनपद ने अग्रणी भूमिका का निर्वहन किया था। सचिव, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा गतवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 13 से 15 अगस्त, 2023 तक उसी उत्साह एवं राष्ट्रीयता की भावना से हर घर तिरंगा अभियान चलाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जाग्रत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2023 के मध्य जनपद में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु कार्यवाही की जानी है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम प्रत्येक सरकारी अधिकारी/कर्मचारी, शिक्षकगण, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वयं सहायता समूहों, विभिन्न नागरिक संगठनों आदि के सहयोग से क्रियान्वित किया जाये। ग्राम पंचायत स्तर पर सम्बन्धित विभाग द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन करते हुए ग्राम प्रधानों को शत-प्रतिशत घरों, दुकानों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, राशन की दुकानों, नलकूपों इत्यादि पर झण्डा फहराने हेतु प्रेरित किया जाये। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त सरकारी, सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों, व्यावसायिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, गैर सरकारी संगठनों, रेस्टोरेन्ट, शापिंग काम्पलेक्स, टोल प्लाजा, पुलिस चैकी/थाना इत्यादि को इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से झण्डा फहराये जाने का निर्देश दिया। हर घर तिरंगा कार्यक्रम हेतु समस्त सरकारी अधिकारी/कर्मचारियों, शिक्षकों, शिक्षामित्रों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आँगनबाड़ी कर्मियों, आशा बहुओं आदि को पूर्व की भांति निर्धारित दायित्व दिया जाये तथा उक्त दायित्वों के निर्वहन किया जाये। पुलिस विभाग के पब्लिक एड्रेस सिस्टम क्रियाशील रहे। दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2023 तक समस्त सरकारी भवनों में तिरंगा लाईटिंग करायी जाये। समस्त शिक्षण संस्थाओं में हर घर तिरंगा से सम्बन्धित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उक्त आयोजन के सम्बन्ध में शासन से निर्गत निर्देशों का प्राईवेट शिक्षण संस्थाओं द्वारा भी पूर्ण रूप से पालन किया जाये। ग्राम विकास विभाग/पंचायती राज विभाग/नगर विकास विभाग सुनिश्चित करें कि शत प्रतिशत अमृत सरोवरों पर झण्डा फहराया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, जिलाधिकारी लालगंज भरत लाल सरोज, प्रभागीय वनाधिकारी अरविन्द राज मिश्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सी0एल0 वर्मा, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 अजय प्रताप सिंह, उपायुक्त एन0आर0एल0एम0 अनय मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चन्द्र सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक के उपरान्त जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा तहसील लालगंज के परिसर में पौधरोपण किया एवं स्कूली बच्चों को फलदार वृक्ष भेंट किया। जिलाधिकारी ने कहां की पूरे प्रदेश में विशेष वृक्षारोपण का कार्यक्रम चल रहा है। उसी के क्रम में जनपद मीरजापुर में भी 08 हजार पौधे हम लोगो ने बच्चों और अन्य ग्रामीणों को वितरित किए गए हैं। जिलाधिकारी के द्वारा आज 150 बच्चों को पौधों का वितरण किया गया। बच्चों को पौधे वितरण करने का उद्देश्य उन्हें इस कार्यक्रम के साथ जोड़ना है।



# निर्माणाधीन कूड़ा संग्रह केंद्र की रखवाली कर रहे ग्राम प्रधान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** मिर्जापुर विंध्याचल थाना क्षेत्र के अकोढ़ी ग्राम पंचायत में निर्माणाधीन कूड़ा संग्रह केंद्र की रखवाली कर रहे ग्राम प्रधान के सहयोगी की शनिवार को रात में हुए विवाद में लोहे के राड से मारकर लहूलुहान कर दिया गया। घायल को उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल परिसर स्थित ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर वाराणसी में उसकी मौत हो गई। मिर्जापुर-प्रयागराज मार्ग पर स्थित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकोढ़ी के पास ग्राम सभा की जमीन पर कूड़ा संग्रह केंद्र का निर्माण हो रहा है। उसके पास में अमित सिंह का महुआ का पेड़ है। जिस जगह पर कूड़ा संग्रह केंद्र बन रहा है, अमित सिंह जमीन पर अपना कब्जा बताकर निर्माण कार्य का विरोध कर रहा था। ग्राम प्रधान सतीश चंद्र तिवारी उर्फ पंकज ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा चिह्नित जमीन पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उसकी देखभाल उनके सहयोगी जय नारायण सिंह (42) पुत्र मारकंडे सिंह करते थे। कार्य जल्द पूरा कराने के लिए पड़री थाना क्षेत्र के भरपुरा से मिस्त्री व मजदूर आए थे। शनिवार को रात लगभग साढ़े नौ बजे दो बाइक से पांच लोग पहुंचे और मिस्त्री और मजदूर को मारकर भगाने लगे। सभी भागकर पहाड़ पर चढ़ गए।

# अनियंत्रित टैंपो ने खड़ी ट्रेलर में पीछे से मारी ज़ोरदार टक्कर, दो घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला,सोनभद्र।** स्थानीय चौकी क्षेत्र अंतर्गत डाला बाजार में स्थित इंडियन बैंक के पास खड़ी ट्रेलर के पीछे, रॉबर्ट्सगंज और घायल सवारी का नाम मोनू मिश्रा उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र अमृतलाल मिश्रा निवासी जिगना बताया जा रहा है। टक्कर



वाहन में पीछे से ऑटो ने ज़ोरदार टक्कर मार दी। जिसमें ऑटो चालक समेत एक सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार डाला बाजार में स्थित इंडियन बैंक के पास रविवार की शाम वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर पहले से किनारे खड़ी ट्रेलर वाहन में चोपन से डाला की तरफ आ रही ऑटो ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिसमें ऑटो ड्राइवर और उसमे बैठा हुआ एक सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल ड्राइवर का नाम विकास उम्र करीब 18 वर्ष पुत्र प्रेम निवासी बसंत बिहार से ऑटो चालक का पैर ऑटो में फंस गया था, जिसे स्थानीयों व पुलिस कर्मियों द्वारा सब्बल की मदद से टैंपो के अगले हिस्से को फैलाकर बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस, डायल 112 पीआरवी पुलिस टीम और स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए नजदीकी चिकित्सालय भेज दिया गया। इस दौरान मौके पर डाला चौकी पुलिस से का0 मुकेश कुमार, का0 योगेश यादव, आदि व सैकड़ों स्थानीय मौजूद रहे।

# अष्टभुजा देवी दर्शन हेतु जाने वाले यात्रियो के लिये टोल टैक्स होगा फ्रा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** जिलाधिकारी ने एन0एच0आई0 व टोल मैनेजर के साथ बैठक कर लिया निर्णय मीरजापुर 06 अगस्त 2023- विन्ध्याचल से प्रयागराज मार्ग पर अष्टभुजा गेट के पहले ग्राम गोपालपुर मैं लगाये गये टोल बूथ पर विन्ध्याचल त्रिकोण के दौरान अष्टभुजा मन्दिर जाने वाले दर्शनार्थियो के लिये टोल फ्री रहेगा परन्तु उस दर्शनार्थी को अधिकतम तीन घण्टे के अन्दर दर्शन कर पुनः वापस आना होगा। तीन घण्टे के बाद वापस आने पर टोल टैक्स का वहन करना पड़ेगा। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने त्रिकोण दर्शन के दौरान अष्टभुजा जाने वाले यात्रियों की परेशानियों को देखते हुये कलेक्ट्रेट में एन0एच0आई0, एन0एच0 लोक निर्माण विभाग एवं टोल बूथ मैनेजर के साथ बैठक में यह निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि त्रिकोण दर्शन के दौरान यात्रियो को अष्टभुजा जाने पर उन्हे टोल टैक्स भरना होता था, जिसकी कई यात्रियों के द्वारा अष्टभुजा दर्शन के दौरान टोल टैक्स फ्री करने की मांग की जा रही थी। इसके दृष्टिगत सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी द्वारा बैठक कर यह निर्णय लिया गया। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 ने बताया कि अष्टभुजा जाने वाले दर्शनार्थियो के लिये तीन घण्टे तक टोल फ्री रहेगा परन्तु उन्हे अधिकतम तीन घण्टे के अन्दर पुनः टोल गेट से वापस आना होगा। यह छूट दर्शन करने वाले यात्रियों के लिये मात्र तीन घण्टे के लिये मान्य होगा।





# कार्लोस अल्कारेज हुई पैसों की बरसात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 20 साल के कार्लोस अल्कारेज ने विंबलडन चैंपियनशिप 2023 में पुरुष सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। कार्लोस ने नोवाक जोकोविच को पांच सेट तक चले मुकाबले में हार का स्वाद चखाया और पहली बार विंबलडन के खिताब अपने नाम दर्ज कर लिया साल के कितनी प्राइज मनी दी जाती है। आइए जानते हैं इस आर्टिकल के जरिए। दरअसल, विंबलडन में मिलने वाली प्राइज मनी आईपीएल और विश्व कप जैसे क्रिकेट के बड़े टूर्नामेंट से कई ज्यादा है। विंबलडन की प्राइज मनी इस बार 10.78 ङ्म् की बढ़ोत्तरी के साथ लगभग 480 करोड़ रुपये रखी गई थी। मेंस टूर्नामेंट की इनामी राशि की बात करें, तो ग्स्त्दह की इनाम राशि 4 करोड़ 47 लाख पाउंड है। इंडियन करेंसी में ये लगभग 465 करोड़ रुपये है। वहीं, इस बार आईपीएल में 46.5 करोड़ रुपये की इनामी राशि बांटी गई थी। 20 साल के कार्लोस अल्कारेज के करियर का ये दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब रहा।



कार्लोस अल्कारेज ने विंबलडन चैंपियनशिप 2023 में पुरुष सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। कार्लोस ने नोवाक जोकोविच को पांच सेट तक चले मुकाबले में हार का स्वाद चखाया और पहली बार विंबलडन के खिताब अपने नाम दर्ज कर लिया। इस खिताबी जीत के बाद कार्लोस पर पैसों की बरसात हुई है इस खिताबी जीत के बाद कार्लोस पर पैसों की बरसात हुई है। विजेता कार्लोस को कितनी प्राइस मनी मिली, इसकी खूब चर्चा हो रही है। आईपीएल और विश्व कप की तुलना में विंबलडन चैंपियन को सिंगल्स जीतने वाले अल्करेज को लगभग 25 करोड़ रुपये की ईनाम राशि मिली है। वहीं, उपविजेती रहे नोवाक जोकोविच को 12.25 करोड़ रुपये मिले है। वहीं, आईपीएल और विश्व कप की बात करें, तो आईपीएल के 16वें सीजन में सीएसके टीम को इनाम में 20 करोड़ रुपये मिले थे, ये पूरी राशि पूरी टीम के साथ सपोर्ट स्टाफ में बांटी गई थी। वहीं, उप-विजेता गुजरात टाइटंस के खात में 13 करोड़ रुपये आए थे। टी-20 विश्व कप 2022 की विजेता इंग्लैंड ने 13.05 करोड़ रुपये प्राइज मनी के तौर पर मिले थे। अगर पूरे इससे पहले अल्कारेज ने पिछले साल नॉर्वे के कैस्पर रूड को हराकर यूएस ओपन का खिताब अपने नाम किया था। खिताबी मुकाबले का पहला सेट पूरी तरह से जोकोविच के नाम रहा। उन्होंने स्पेनिश खिलाड़ी को सिर्फ एक गेम जीतने का मौका दिया और फिर अल्कारेज ने दूसरे सेट में शानदार वापसी की और सेट को टाईब्रेकर तक ले जाने में सफल रहे। इसके बाद टाईब्रेकर में अल्कारेज ने नोवक की गलतियों को पकड़ लिया और मैच में 1-1 की बराबरी की। इसके बाद अल्कारेज ने तीसरे सेट को 6-1 से जीत लिया

# अजिंक्य रहाणे से टीम इंडिया के कोच को अब क्या है उम्मीद वेस्टइंडीज दौरे पर कर दिया खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल गंवाने के बाद भारतीय टीम इस वक्त वेस्टइंडीज दौरे पर है, जहां दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। पहला टेस्ट भारतीय टीम ने एक पारी और 141 रन से जीत लिया। बता दें कि विश्व कप के बाद भी टीम इंडिया का शेड्यूल बिजी रहने वाला है। हाल ही में बीसीसीआई ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली जाने वाली टी-20, वनडे, टेस्ट सीरीज के शेड्यूल का एलान किया था, जिसका आगाज 10 दिसंबर से होगा। इस दौरे के लिए टीम इंडिया के बैटिंग कोच विक्रम राठौर ने एक प्लेयर को टीम में शामिल करने की सिफारिश भी कर दी है। राठौर ने अजिंक्य रहाणे को साउथ अफ्रीका दौरे में ले जाने को लेकर क्या कहा आइए जानते हैं दरअसल, टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने अपनी बल्लेबाजी से भारतीय टीम के बैटिंग कोच विक्रम राठौड़ को इंप्रेस कर दिया है। हाल ही में विक्रम ने इस साल के अंत में भारत के साउथ अफ्रीका दौरे को लेकर एक बयान



दिया। उन्होंने कहा कि इस दौरे पर उन्हें लगता है कि अजिंक्य रहाणे को जगह मिलनी चाहिए। उनका मानना है कि आश्वस्त होकर खेलना रहाणे की वापसी का अहम पहलू रहा है और भारतीय टीम को उम्मीद है कि वह इस साल होने वाले साउथ अफ्रीका दौरे के दौरान अपनी फॉर्म बरकरार रखेंगे। रहाणे को लेकर विक्रम ने कहा कि मैं पहले चयनकर्ता भी रह चुका हूं, इसलिए जब भी आप किसी खिलाड़ी को चुनें तो आपको उसे इस इरादे से चुनना चाहिए कि वह अगले 10 सालों तक भारत के लिए खेलेगा। रहाणे की वापसी के बारे में बात करते हुए, राठौड़ ने बताया उन्होंने आगे कहा कि वह देर तक और शरीर के करीब शॉट खेल रहा था। उसकी वापसी के बाद से यह सबसे खास बात रही है। वह अभी भी नेट्स पर उसी तरह से बल्लेबाजी कर रहा है। हमें उम्मीद है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेगा। दक्षिण अफ्रीका में हालात, आपको उसके जैसे किसी खिलाड़ी की जरूरत होगी। बता दें कि रहाणे ने 18 महीने के बाद लंदन में खेले गए डब्ल्यूटीसी फाइनल में वापसी की थी। भले ही भारत जीत नहीं सका, लेकिन रहाणे ने 89 और 46 रनों की पारियां खेली थी और टीम इंडिया को मजबूती दिलाई थी।

# मुझे बहुत बुरा और अजीब लगा आर सी बी से निकाले जाने पर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** युजवेंद्र चहल ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से अलग होने पर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें फ्रेंचाइजी से कोई फोन कॉल भी नहीं आया। ना ही किसी ने उनसे कोई बात की चहल खेलते हुए चहल आरसीबी के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे और अभी भी हैं, लेकिन 2022 की बड़ी नीलामी में आरसीबी ने उनको नहीं खरीद उन्होंने कहा, 'बिल्कुल, मुझे बहुत बुरा लगा। मुझे बहुत अजीब भी लगा क्योंकि मैंने



ने रणवीर इलाहबादिया के यूट्यूब चैनल पर कहा, 'जब मैंने नीलामी में अपना नाम रखा तो उहोंने मेरे से वादा किया था कि वे मेरे साथ जाएंगे। मैंने कहा सही है, लेकिन बाद में मुझे बहुत गुस्सा आया। मुझे लगता है कि दो-तीन दिन तक मैंने कोचों से बात नहीं की थी। यहां तक कि जब मेरा आरआर के लिए आरसीबी के खिलाफ पहला मैच आया तो मैंने किसी से बात नहीं की मुंबई इंडियंस के साथ 2011 में अपना आईपीएल करियर शुरू करने के बाद 2014 की नीलामी में उन्हें आरसीबी में लिया गया था। के लिए आठ सीजन खेला। इस दौरान 113 मैच फ्रेंचाइजी के साथ आठ साल तक खेला। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि मुझे इंडियन कैप भी आरसीबी के लिए प्रदर्शन की वजह से मिली, क्योंकि उन्होंने मुझे प्रदर्शन करने का मौका दिया। पहले ही मैच से विराट भाई ने मुझ पर विश्वास जताया। बता दें कि राजस्थान में जाने के बाद चहल ने दो आईपीएल सीजन में उनके लिए 48 विकेट लिए हैं। उन्होंने आईपीएल 2022 के फाइनल में राजस्थान के सफर में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने पर्पल कैप भी जीती थी। वह आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

# 'मैं उन्हें कभी भी कॉल कर सकता हूं' कोहली, धोनी और रोहित के साथ अपने रिश्ते पर चहल ने किया बड़ा खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल ने हाल ही में एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे कई वरिष्ठ भारतीय क्रिकेटरों के साथ अपने संबंधों के बारे में खुलासा किया है। चहल वह उन्हें कभी भी कॉल कर सकते हैं और अपनी समस्याओं पर चर्चा कर सकते हैं। फिलहाल चहल मैदान के बाहर क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी वनडे और टी20 सीरीज में वापस एक्शन में नजर आएंगे। मेरी बात सुनने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।इतिहास में लिए हैं सबसे ज्यादा विकेटयुजवेंद्र चहल ने हाल ही में खत्म हुए आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। वह 145 मैच में 187 विकेट के साथ



भारतीय टीम के सबसे मजेदार खिलाडियों में से एक हैं और उन्हें अक्सर अपने साथियों के साथ मजाक करते या मजेदार वीडियो शूट करते देखा जाता रहा ह हाल ही में एक इंटरव्यू में चहल ने कहा कि टीम के सभी सीनियर खिलाड़ी उनके भाइयों की तरह हैं। क्योंकि चहल ने द रणवीर शो में कहा, ठमेरे टीम के साथी मेरे भाई हैं। माही भाई, विराट भैया, रोहित भैया या संजू, बहुत सारे लोग हैं, मैं उन्हें कभी भी कॉल कर सकता हूं और बता सकता हूं कि मुझे यह समस्या है और मैं इस पर चर्चा करना चाहता हूं। लोग आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्याद विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। 2023 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले 32 वर्षीय खिलाड़ी ने वेस्टइंडीज और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़ दिया। ब्रावो ने 161 मैच में 183 विकेट लिए थे।

# मैं बाथरूम में बहुत रोया युजवेंद्र चहल ने अपने इंटरनेशनल करियर के सबसे बुरे समय का किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने अपने इंटरनेशनल करियर के सबसे बुरे दौर का खुलासा किया है। चहल ने बताया कि 2021 टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम से नहीं चुने जाना उनके करियर का सबसे बुरा दौर था। भारतीय टीम की तब काफी आलोचना भी हुई थी कि युजवेंद्र चहल को क्यों नहीं चुना गया। चहल ने रणवीर अलाहबादिया के यूट्यूब चैनल पर बातचीत करते हुए अपने बुरे दौर को याद करते हुए कहा, ''मैं ज्यादा नहीं रोया। मगर बाथरूम में जाकर थोड़ा बहुत रोया।32 साल के लेग स्पिनर ने कहा कि दुबई में आईपीएल 2021 के दूसरे हाफ से पहले क्वारंटीन के समय पत्नी उनके साथ थीं, जिन्होंने उन्हें शांत रखा। चहल ने कहा, ''जब 2021 टी20 वर्ल्?ड कप के लिए मुझे नहीं चुना गया, तब मुझे बहुत दुख हुआ। मुझे तब



दुबई में आईपीएल खेलना था। धनश्री उस समय मेरे साथ थी। अगले दिन हमें दुबई की फ्लाइट पकड़नी थी। हमें कोविड के कारण स्?थगित हुए आईपीएल के मैच खेलने के लिए जाना था।उन्होंने आगे कहा, ''हमें एक सप्ताह के लिए क्वारंटीन होना था। वरना आप कहीं बाहर जाकर रिलेक्?स हो सकते हो। सबसे बढ़िया बात थी कि वो (धनश्री वर्मा) मेरे साथ थी। मैं अपने गुस्से पर काबू कर पाया। अगर वो वहां नहीं होती तो मैं शायद ज्यादा गुस्सा करता।'' युजवेंद्र चहल ने बताया कि क्वारंटीन के दौरान उन्होंने किस तरह समय बिताया। लेग स्पिनर ने कहा, ''धनश्री मेरे साथ थी। हम दोनों साथ में एक्सरसाइज करते थे। हम कुछ मजेदार फिल्में देखते थे। मुझे अजीब लगा क्योंकि विराट कोहली कप्तान थे और मैं उनकी कप्तानी में खेल चुका हूं। आईपीएल में भी। मगर मैंने कभी किसी से नहीं पूछा कि मेरा चयन क्यों नहीं किया गया।

# इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट के लिए किया प्लेइंग 11 का एलान, एक अहम बदलाव किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने मैनचेस्टर में बुधवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले अपनी प्लेइंग 11 की घोषणा कर दी है। इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग 11 में एक बदलाव किया है। तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन की टीम में वापसी हुई है। जेम्स एंडरसन टीम में ओली रोबिंसन की जगह लेंगे, जो तीसरे टेस्ट में पीठ दर्द की समस्या से जूझ रहे थे। एंडरसन ने मौजूदा एशेज सीरीज के पहले दो टेस्ट खेले थे, लेकिन 75.33 की खराब औसत से केवल तीन विकेट लिए थे। एजबेस्टन में पहले टेस्ट के बाद 40 साल के एंडरसन ने पिच की आलोचना की थी। एंडरसन ने कहा कि उन्हें पिच से कोई सहायता नहीं मिली। हालांकि, लॉर्ड्स में लंकाशायर के तेज गेंदबाज ने खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी ली थी। जेम्स एंडरसन को उम्मीद है कि अपने होमग्राउंड पर प्रभाव छोड़ने में कामयाब रहेंगे। चौथे टेस्ट में जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड की जोड़ी नई गेंद की जिम्मेदारी संभालती हुई नजर आएगी। मार्क वुड और क्रिस वोक्स अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब हुए। आलोचनाओं से घिरे जॉनी बेयरस्टो को चौथे टेस्ट के लिए बरकरार रखा गया है। ऑलराउंडर मोइन अली भी खेलेंगे। इंग्लैंड ने पहले दो टेस्ट में शिकस्त झेलने के बाद दमदार वापसी की और तीसरा टेस्ट 2 विकेट से जीता। इंग्लैंड को 2015 के बाद पहली बार एशेज सीरीज दोबारा हासिल करने के लिए अगले दोनों टेस्ट जीतना जरूरी है।



# राशिफल



**मेष-**:आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल रहेंगे। इस राशि के जो लोग नौकरी में हैं।

**वृष-**:आज व्यापार की दृष्टि से शुभ समय है। सब कुछ अपनी सामान्य गति से काम करेगा. नौकरीपेशा जातकों के लिए नए अवसर प्राप्त करने का उत्तम समय है।

**मिथुन-**:ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे होंगे। इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है. भाई-बहन से किसी बात को लेकर मनमुटाव की स्थिति बन सकती है।

**कर्क-**:इससे आप अपनी व्यवसाय संबंधी समस्याओं को सुलझाने में पहल और अधिक रुचि ले सकेंगे। साझेदारी आपके लिए कुछ बेहतरीन प्रोत्साहन ला सकती है।

**सिंह-**:थोड़ी सी मेहनत से आप अपने लक्ष्यों को आसानी से हासिल कर सकते हैं। नए जोड़ों के जीवन में खुशियां बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्य की दृष्टि से आज का दिन बेहतर है।

**कन्या-**: व्यवसायी अपने व्यावसायिक कौशल और निर्णय लेने की क्षमता के कारण उपलब्ध अवसरों का अधिकतम लाभ उठाएं। आपके लिए आर्थिक लाभ कमाने के अप्रत्याशित रास्ते भी खुलने की संभावना है।

**तुला-**: घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। आपको भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। घर के बुजुर्ग आपके काम से प्रभावित होंगे।

**वृश्चिक-**:आपके विरोधी निष्क्रिय रहेंगे और महत्वपूर्ण अधिकारियों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको अपने सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी और आपकी कुछ महत्वाकांक्षाएं पूरी होंगी।


**धनु-**:किसी काम में आपको सकारात्मक नतीजे मिलेंगे, जिससे आप खुशी महसूस करेंगे। आज कुछ पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की भी संभावना है।

**मकर-**:आज का दिन आपके लिए परेशानी भरा हो सकता है। नौकरीपेशा जातकों के लिए यह समय कठिन हो सकता है। व्यावसायिक दृष्टि से चीजें यथावत रहेंगी।

**कुंभ-**:आज आपको किसी खास काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। आप परिवार के साथ कोई मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं।

**मीन-**:आज का दिन उत्तम है। जो लोग परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश में हैं या अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं उन्हें निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।






# वीरेंद्र सहवाग को आउट करना था बच्चों का खेल, ये बैटर पैदा करता था सबसे ज्यादा दिक्कतें, पाक गेंदबाज का दावा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज राणा नावेद उल हसन ने दावा किया है कि अपने खेलने वाले दिनों में भारतीय टीम में वीरेंद्र सहवाग को आउट करना सबसे आसान था जबकि राहुल द्रविड़ का विकेट निकालना बेहद मुश्किल। राणा नावेद उल हसन ने भारत और पाकिस्तान के बीच साल 2005 में खेली 6 मैचों की वनडे सीरीज का किस्सा याद किया, जिसे पाकिस्तान ने 4-2 से जीता था। राणा ने दावा किया कि उन्होंने एक मैच में इंजमाम उल हक से बातचीत करते हुए अनुमान लगा लिया था कि अगली गेंद पर वीरेंद्र सहवाग का विकेट ले लेंगे। राणा नावेद उल हसन ने नादिर अली पोडकास्ट में बातचीत करते हुए कहा, ''एक मैच में वीरेंद्र सहवाग अच्छा खेल रहे थे। मैं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बना था। हम सीरीज में 2-0 से पिछड़ रहे थे। यह छह मैचों की वनडे सीरीज थी। सहवाग अच्छा खेल रहे थे। भारतीय टीम लगभग 300 रन बनाने के करीब थी। मैंने इंजी भाई से कहा कि गेंदबाजी करने दो। मैंने धीमी गति की बाउंसर गेंद डाली।'' 45 साल के राणा नावेद ने दावा किया किया उन्होंने स्लेजिंग के जरिये वीरेंद्र सहवाग को उकसाया और उन्हें गलत शॉट खेलने पर मजबूर किया। पूर्व पाक गेंदबाज ने कहा, ''मैं सहवाग के पास गया और कहा कि आपको नहीं पता कि कैसे खेलते थे। अगर आप पाकिस्तान में होते तो मुझे नहीं लगता कि कभी अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह मिलती। उन्होंने मुझे पलटकर कुछ बातें कही।'' राणा नावेद उल हसन ने आगे कहा, ''मैं जब अपने रन-अप पर लौट रहा था, तब इंजी भाई से कहा- अगली बॉल पर सहवाग आउट। वो हैरान थे। मैंने धीमी गति की गेंद डाली और गुस्से से भरे हुए सहवाग ने बड़ा शॉट खेलने की फिराक में अपना विकेट गंवा दिया। विकेट बहुत जरूरी थी और हम मैच जीत गए। यह तेज गेंदबाज की कुछ ट्रिक्स होती हैं।



# बीच मैदान हसन अली को दौड़ता देख फैंस की छूटी हंसी, बोले- हवा का आया झोंका और उड़ गई टोपी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज गॉल में खेली जा रही है। दोनों टीमों के बीच 16 जुलाई से टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट मैच का आगाज हुआ। पहले टेस्ट के पहले दिन के खेल में एक मजेदार घटना घटी, जिसे देखकर फैंस काफी इंटरटेन हुए और ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। ये घटना 45वें ओवर का है जब पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज



हसन अली मैदान से दौड़कर भागते नजर आए। हसन को बीच मैदान अचानक दौड़ता देख फैंस ने जमकर मजे लिए। ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर रहने वाले पाकिस्तान के स्टार तेज गेंदबाज हसन अली ने लाइमलाइट लूटी। 45वें ओवर के दौरान ब्रेक टाइम के वक्त वह मैदान के अंदर पहुंचे और ब्रेक टाइम खत्म होने से पहले दौड़ लगाते हुए नजर आए। इस दौरान वह हाथ में चश्मे पकड़े हुए दिखे और आंखों पर भी उन्होंने काला चश्मा लगा रखा था। इस दौरान दिलचस्प घटना घटी जिसे देखकर स्टैंड्स में बैठा हर शख्स काफी हंसने लगा। मैदान पर दौड़ते समय हसन की टोपी हवा में उड़कर पीछे गिरने लगी और हसन एक हाथ से टोपी गिरने से रोक दिया।

## सम्पादकीय

# बीमा क्षेत्र को बदल देगा संशोधित विधेयक; आर्थिक विकास को बढ़ावा और बड़े स्तर पर सृजित होगें रोजगार

यह विधेयक 1938 में बने बीमा कानून में संशोधन तो करेगा ही, 1999 के बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण कानून में भी बदलाव लाएगा। इस संशोधन के बाद यह कानून बड़े उद्यमों तथा बीमा कंपनियों के लिए भी फायदेमंद होगा। सरकार का मानना है कि इस विधेयक के पारित होने के बाद देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि बीमा और स्वास्थ्य सुरक्षा क्षेत्र में बड़ी तादाद में नई कंपनियां उतरेंगी, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होगा। अब जबकि संसद का मानसून सत्र आ चला है, कई विधेयकों पर सभी की नजर है, जिनमें कुछ ऐसे भी हैं, जो आर्थिक, वित्तीय और कॉरपोरेट सेक्टर से जुड़े हुए हैं। इनमें एक ऐसा विधेयक है, जिसे सुधारवादी ही नहीं, रोजगार प्रेरक माना जा रहा है। यह बीमा कानून (संशोधन) विधेयक, 2023 है और पारित होने पर यह गेम चेंजर साबित हो सकता है। इसके पारित होने पर बड़े पैमाने पर रोजगार के रास्ते खुलेंगे और निवेश भी बढ़ेगा। इसे इसी सत्र में रखा जाएगा और लोकसभा में सत्तारूढ़ दल का बहुमत होने के कारण इसका पारित होना तय ही है। उम्मीद है कि इसे राज्यसभा में भी पारित होने में ज्यादा कठिनाई नहीं होगी।यह विधेयक 1938 में बने बीमा कानून में संशोधन तो करेगा ही, 1999 के बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण कानून में भी बदलाव लाएगा। इस संशोधन के बाद यह कानून बड़े उद्यमों तथा बीमा कंपनियों के लिए भी फायदेमंद होगा। सरकार का मानना है कि इस विधेयक के पारित होने के बाद देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि बीमा और स्वास्थ्य सुरक्षा क्षेत्र में बड़ी तादाद में नई कंपनियां उतरेंगी, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होगा।विकसित देशों की तुलना में भारत में बहुत कम लोग व्यक्तिगत बीमा के अंदर आते हैं। लेकिन सरकार के प्रयासों और आर्थिक मदद की वजह से 2021 तक 51 करोड़ से भी ज्यादा लोगों का स्वास्थ्य बीमा हो चुका था। और इस मद में बीमा उद्योग की सकल प्रीमियम आय 470 अरब रुपये थी। भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया का नवां बीमा प्रीमियम बाजार है, लेकिन देश की आबादी का महज 3.30 फीसदी ही जीवन बीमा के दायरे में है। इसे ध्यान में रखकर बीमा नियामक आईआरडीएआई ने 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' का मिशन शुरू किया है, जिससे बीमा पैठ में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे कारोबार करने में सुगमता को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी तथा क्षेत्र को अधिक निवेश-अनुकूल बनाने में सहायता मिलेगी। इससे 2027 तक ही भारतीय बीमा बाजार के 200 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। अभी भारत में महज 24 जीवन बीमा कंपनियां हैं और 31 सामान्य बीमा कंपनियां काम कर रही हैं। इस विधेयक के पारित होने के बाद सामान्य कंपनियां भी बीमा के कारोबार में कदम रख सकती हैं। यह विधेयक इस दृष्टि से अनूठा है कि इसमें बीमा कंपनी खोलने के लिए बाध्यकारी 100 करोड़ रुपये की सीमा को खत्म किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक कारोबारी इस क्षेत्र में कदम रख सकें। अब भारत में जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा एक साथ हो सकेंगे, जिससे बीमाधारक को बड़ी-बड़ी हेल्थ कंपनियों की सेवाएं बीमा के पैसे से ही मिल सकेंगी। अमेरिका-यूरोप में ऐसी व्यवस्था पहले से है। भारत में सरकार इस क्षेत्र में काम कर रही सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी घटाने का काम शुरू कर चुकी है। इससे इस क्षेत्र में निजी कंपनियों के लिए रास्ता खुलेगा। संसद के मानसून सत्र में इस बार कई और भी विधेयक रखे जाएंगे, जिनमें कंपनियों के दिवालिया होने पर आगे उनके अधिग्रहण को आसान बनाने के लिए भी एक विधेयक है, जिससे समय बर्बाद नहीं होगा और पुरानी कंपनी को कोई नई कंपनी अपने हाथ में ले सकेगी। दरअसल, यह 2016 में बनाए गए इंसॉल्वेंसी ऐंड बैंकरप्सी कोड (आईबीसी) में संशोधन है, जिससे दीवालियापन की प्रक्रिया में तेजी आए और सबसे उपयुक्त दावेदार को शीघ्र उसकी जिम्मेदारी सौंपी जाए, ताकि संपत्ति बर्बाद न हो। इस बार कर कानूनों में संशोधन से भी जुड़ा विधेयक रखा जाएगा, जिससे टैक्स देने वालों को आसानी होगी और जटिलता खत्म होगी।



मै झरोखो से झँकती रहती...
उन बच्चो को,
जो बड़ी तल्लीनता से ढ्ढ़ते मलवे मे,
सौभाग्य के लकीरो को।

मै झरोखो से देखती रहती.....
उनकी सारी चेष्ठाओं को,
निकालते जो धसे काँच पांव के तलवे मे,
उस टूटे आइने मे ढूढ़ते खुद को।

मै झरोखे से ताकती रहती ....
उनकी जिज्ञासाओं को,
वो पहने चीथड़े आती बड़े जलवे मे,
देखती रहती उस सुन्दरी के मुस्कान को।

मै झरोखो से नापती रहती....
उनके गम की गहराई को,
घन्टो श्रम से भी यदि न मिले खिलौने परवे मे,
न मिले कंगन सूने हाथों को।

मै झरोखो से सिसकती रहती ...
देख उनके बचपन को,
नमन उनकी मुस्कान को जो मधुर होते कड़वे मे ,
जा जतन करते बस पेट भरने को।
अपर्णा सिंह

# किसान संगठनों की बैठक हुई संयुक्त किसान मोर्चा बनाकर लड़ने का किया ऐलान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण पर दिन रात के धरने के 81 वें दिन हजारों महिला पुरुष किसानों ने जबरदस्त नारेबाजी कर किया प्रदर्शन- पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार सीएस गार्डन में सुनील ने संबोधित करते हुए कहा कि किसान बेरोजगार सभा संयुक्त लड़ाई लड़ने को तैयार है इसी प्रकार हरियाणा किसान संघर्ष समिति के फरीदाबाद से आए डीके शर्मा ने कहा कि जमीनों की लड़ाई मिलकर ही लड़ी जा सकती है हरियाणा जा सकता है इसलिए मिलकर लड़ना समय की मांग है संयुक्त किसान मोर्चा बनाकर किसानों ने 3 कृषि बिलों को वापस कराया है जो अपने आप में ऐतिहासिक सफलता की कहानी है मीटिंग का संचालन सुनील फौजी ने किया और अंत में संयुक्त कि हमारी लड़ाई वाजिब मांगों को लेकर है लड़ाई को पूरा किए बिना आंदोलन समाप्त नहीं होगा शिशांत भाटी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी वार्ता चारों मुद्दों पर लगातार चल रही है प्राधिकरण अधिकारियों ने और वक्त मांगा है पप्पू प्रधान ने संबोधित किया एवं सैकड़ों किसान धरने पर उपस्थित रहे आज आंदोलन को मजबूत करने के सिलसिले में किसान सभा ने सैनी गांव की चौपाल पर पंचायत की जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए पंचायत वर्ग हम सबको जातियों वर्णो धर्मों में बांटकर कमजोर करता रहता है हमारे आंदोलन ने साबित किया है कि किसान भूमिहीन महिलाएं और नौजवान एक साथ मोर्चा बनाकर लड़ सकते हैं 80 दिन से ज्यादा दिन




फौजी के संयोजन में किसान संगठनों की बैठक बुलाई गई जिसकी अध्यक्षता हरियाणा संघर्ष समिति के रमेश दलाल ने की । भारतीय वीर दल, किसान एकता संघ, अखिल भारतीय किसान सभा, जय जवान जय किसान मोर्चा, किसान बेरोजगार सभा, हरियाणा किसान संघर्ष समिति, सिस्टम सुधार संगठन आगरा, सुभाष विचार मंच, भारतीय किसान यूनियन चुठुनी राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चठुनी, भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति प्रदेश महासचिव सचिन तोंगड़ ने मीटिंग में हिस्सा लिया। किसान बेरोजगार सभा से सुबेराम ने एवं राजेंद्र प्रधान किसान संघर्ष समिति ग्रेटर नोएडा के किसान आंदोलन के साथ संयुक्त मोर्चा बनाने को तैयार है गुरनाम सिंह चढुनी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमने दिल्ली में भी मिलकर लड़ाई लड़ी और जीते ऐसा हम यहां पर भी कर सकते हैं हमें इसी प्रकार किसान एकता संघ के नेता सतीश कनारसी ने कहा कि हमारा संगठन मुख्य रूप से यमुना प्राधिकरण के विरुद्ध लड़ाई लड़ रहा है परंतु किसानों के मुद्दे एक जैसे हैं इसलिए संयुक्त रूप से लड़ाई लड़ी जानी चाहिए मीटिंग के अध्यक्ष रमेश दलाल ने संबोधित करते हुए कहा यह दौर तानाशाही सरकार का दौर है जिसके खिलाफ मिलकर ही लड़ा किसान मोर्चा बनाने का प्रस्ताव किया जिसे सभी ने सर्वसम्मति से पास कर दिया। आज धरने का 81 वां दिन रहा। धरने की अध्यक्षता किननी देवी ने की। संचालन सतीश यादव ने किया रविवार के दिन धरने पर हजार से भी अधिक महिला पुरुष किसान उपस्थित रहे। किसानों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया धरने को संबोधित करते हुए किसान सभा के सचिव जगबीर नंबरदार ने कहा कि आंदोलन की चार बड़ी मांगों को लेकर आंदोलन गंभीर है और मांगों के पूरा होने तक आंदोलन चलता रहेगा। गवरी मुखिया ने संबोधित करते हुए कहा हम वक्त देने को तैयार हैं आंदोलन मजबूत है लेकिन एक बात साफ तौर पर हम कहना चाहते हैं कि अधिकारी और सरकार साफ तौर पर आंदोलन के मुद्दों को हल करें अन्यथा आंदोलन चलता ही रहेगा जिसकी राज नीतिक कीमत सत्ताधारी पार्टी को चुकानी पड़ सकती है धरने को संयोजक वीर सिंह नागर हरेंद्र खारी सूबेदार ब्रह्मपाल संजय नागर राम सिंह नागर मोनू मुखिया विश्वास नागर बिजेंद्र नागर नरेंद्र नागर निरंकार प्रधान महाराज सिंह प्रधान राजीव नगर तिलक देही पूनम भाटी गीता भाटी प्रेमवती महेश प्रजापति चंद्रपाल प्रधान मनोज भाटी यतेंद्र मैनेजर में पहले से गठित कमेटी को और मजबूत किया गया उपस्थित किसानों ने बड़ी संख्या में आंदोलन हिस्सा लेने का आश्वासन दिया जिला स्तर पर नौजवानों की कमेटी गांव में जाकर नौजवानों को संगठित कर रही है नौजवान नेता प्रशांत भाटी ने कहा कि हम बेरोजगार नौजवानों की लिस्ट बना रहे हैं और रोजगार की नीति के लिए रात दिन काम पर लगे हुए हैं सैनी गांव की पंचायत को सूबेदार ब्रह्मपाल किसान सभा के प्रवक्ता डॉ रुपेश वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे आंदोलन की असली ताकत हमारी एकता है सत्ताधारी रात के आंदोलन को हो गए हैं लगातार किसानों की संख्या बढ़ती जा रही है आंदोलन अपने मुकाम की तरफ तेजी के साथ बढ़ रहा है दुनिया की कोई ताकत आंदोलन के मुद्दों को हल होने से रोक नहीं सकती है पंचायत की अध्यक्षता बाबा रामपाल ने की पंचायत को दौलत प्रधान जी विश्वास नागर बिजेंद्र नागर डॉक्टर जगदीश आकाश नागर अमित नागर चंद्र पाल प्रधान रणसिंह मास्टर जी विजयपाल नागर ने संबोधित किया। भवदीय, डॉक्टर रुपेश वर्मा, प्रवक्ता, अखिल भारतीय किसान सभा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डॉ आंबेडकर क्या महज दलितों के नेता थे, आज भी प्रासंगिक है संविधानवेत्ता की सोच

जब तिलक ने 'स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है,' का नारा दिया था, तब डॉ. आंबेडकर ने,'अस्पृश्यता निवारण मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है,' कहा था। डॉ. भीमराव आंबेडकर क्या सिर्फ दलितों के नेता थे और क्या वह महिलाओं, शोषितों-वंचितों और गैरदलितों के नेता नहीं थे? डॉ. आंबेडकर को महज अछूतों का नेता कहने वाले कतिपय ब्राह्मण ही नहीं हैं, पिछड़ी जातियां जाट, अहीर, गुर्जर, लोध (अजगर) यानी शूद्र भी उन्हें केवल दलितों के नेता समझते रहे हैं। हिंदूकोड बिल ने महिलाओं को नागरिक की पहचान दी। हर क्षेत्र में पुरुषों के समान उनके पास अवसर, समान मताधिकार, संपत्ति अधिकार हैं। वैश्य, कायस्थ और ब्राह्मणों की तत्सम जातियां बन चुकी हैं। इसलिए उनका जाति छिपाना या दिखाना वैसा बहिष्कार नहीं है, जैसा दलित जातियों के लिए होता है। कोई उन्हें दलित न समझ ले, इसलिए अपवाद छोड़ कर गैर-दलित स्त्रियां भी डॉ. आंबेडकर के प्रति उदासीन रहती हैं। कृतज्ञ बचते हैं, दलित-अछूत। देश में जब धर्म परिवर्तन हो रहे थे। ज्योतिबा फुले युवा थे। दलित ईसाई और मुस्लिम बन रहे थे, तब 10 अप्रैल, 1875 को स्वामी दयानंद ने लाहौर में आर्य समाज की स्थापना की थी। लाहौर में ही संतराम बी.ए. ने 'जात-पात तोड़क मंडल' बनाया था। दो रुपये में मिलने वाली आर्यसमाज की सदस्यता शर्त थी, अपने बच्चों की शादियां जाति से बाहर ही करेंगे।' डॉ. आंबेडकर ने मंडल से प्रभावित होकर 1936 में लाहौर सम्मेलन के लिए अपना व्याख्यान लिखा। निष्कर्ष था 'हिंदू धर्मग्रंथों में जाति जब तक अपौरुषेय और धार्मिक व्यवस्था मानी जाती रहेगी, तब तक वह बनी रहेगी। सहभोजन और अंतरजातीय सहजीवन पूर्ण उपचार नहीं हैं।'



एक बार गैर-ब्राह्मण नेताओं ने डॉ. आंबेडकर को प्रस्ताव दिया था, 'यदि आप घोषणा कर दें कि बहिष्कृत हितकारिणी सभा के आंदोलन में किसी ब्राह्मण को शामिल नहीं होने दिया जाएगा, तो हम दलितों के आंदोलन को अपने खर्चे पर संचालित करेंगें।' तब उन्होंने कहा था, ''मैं किसी ब्राह्मण का विरोधी नहीं, ब्राह्मणवाद का विरोधी हूं, जो ब्राह्मण और कायस्थ नेता साथ हैं, उनकी समाज सुधार में प्रतिबद्धता है, तो वे साथ रहेंगे।' जब तिलक ने 'स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है,' का नारा दिया था, तब डॉ. आंबेडकर ने,'अस्पृश्यता निवारण मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है,' कहा था। दलितों के लिए अस्पृश्यतायुक्त स्वराज किस काम का था? विभूति पूजा आंबेडकर की प्राथमिकता में नहीं थी। मुंबई क्रॉनिकल के संपादक फिरोजशाह मेहता की स्मृति के बारे में पत्र-परिवार ने आंबेडकर से राय मांगी थी, तो उन्होंने उनकी मूर्ति स्थापित करने के बजाय उनके नाम से एक समृद्ध लाइब्रेरी खोलने की राय दी थी। तिलक के सुपुत्र श्रीधर बलवंत तिलक आंबेडकर के साथ आने पर तिलक ने उन्हें केसरी की पत्रकारिता से निकाल दिया था। आंबेडकर ने उन्हें 'समता समाज संघ' की पूना शाखा का उपाध्यक्ष बनाया था। बलवंत की आत्महत्या के बाद आंबेडकर ने समता पत्र उनकी स्मृति को समर्पित किया। शुक्रवार के दिन बलवंत ने आत्महत्या की थी। समता हर शुक्रवार को प्रकाशित होता था। सभ्यता के इस विकसित युग में संस्कृतियों के समावेश और विविधता पसंद लोकतांत्रिक युग में लोग किसी जाति विशेष के प्रति इतना घृणा भाव क्यों रखते हैं? स्मरण हो, संसद के भीतर उनका चित्र और बाहर उनकी प्रतिमा की स्थापना के लिए आंबेडकरवादी संगठनों ने लंबे समय तक आंदोलन किए थे। आज स्वयं सरकार पंचतीर्थ यानी विश्व स्तर के पांच स्मारक विकसित करने का श्रेय प्राप्त कर चुकी है। लंदन स्मारक शिक्षा भूमि, नागपुर दीक्षा भूमि, मुंबई चैत्यभूमि, मऊ शोध संस्थान जन्म भूमि, 24 अलीपुर परिनिर्वाण भूमि और आंबेडकर इंटरनेशनल मेमोरियल। परंतु समावेशी समाज सुधार तो अभी अधर में ही है। 24 सितंबर, 1924 को मुंबई में भय मुक्त सामाजिक न्याय और मानव गरिमा की सुरक्षा हेतु एक स्वयंसेवी संस्था 'अखिल भारतीय समता सैनिक दल' की स्थापना की गई। कमांडर इन चीफ थे भीमराव आंबेडकर। 1927 में हुए चावदार तालाब जल आंदोलन के समय 'समता सैनिक दल' ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने स्वयं प्रशिक्षण व हिदायत दी कि समता सैनिक न तो किसी पर हमला करेंगे और न कोई हिंसा किंतु अपने बचाव और मानव गरिमा की रक्षा जरूर करेंगे। सामाजिक उत्पीड़न, हिंसा और अन्याय से आत्म रक्षार्थ 'समता सैनिक दल' पुनः प्रासंगिक हो रहा है। 2024 में इसका शताब्दी वर्ष है। आज दलित महिलाओं का उत्पीड़न रोकने के लिए कांग्रेस काल से लंबित हर जनपद में 'दलित महिला आयोग' बनाने की आवश्यकता है और महिला सैनिकों में दलित बालिकाओं की भर्ती होना अपेक्षित है।

## संक्षिप्त समाचार

दोस्ती राज है सदा ही
मुस्कुराने का
ये कोई पल भर की जान-
पहचान नहीं
दोस्ती वादा है उम्र भर साथ
निभाने का
एक प्यारा सा दिल जो कभी
नफरत नहीं करता
एक प्यारी सी मुस्कान जो
कभी फीकी नहीं पड़ती
एक अहसास जो कभी दुःख
नहीं देता
और एक रिश्ता जो कभी
ख़त्म नहीं होता.

दोस्ती कोई खोज नहीं होती
और यह हर रोज नहीं होती
अपनी जिंदगी में हमारी
मौजूदगी को
बेवजह न समझना!
आप सभी देशवासियों को
मित्रता दिवस की ढेर सारी
शुभकामनाएं एवं बधाई।

### भंगेल एलिवेटेड रोड एवं ग्रामीण मांगो को लेकर सीईओ से मिला नोवरा प्रतिनिधिमंडल

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** विलेज रेसिडेंट्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल नोएडा प्राधिकरण के नए सीईओ लोकेश एम से मिला इस दौरान उन्होंने नोएडा के ग्रामीण क्षेत्रों की समस्यायों एवं उनके निस्तारण की बात सीईओ के सामने रखीं नोवरा अध्यक्ष रंजन तोमर ने सवाददाताओं से बात करते हुए बताया कि भंगेल एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट में हो रही देरी से वहां के निवासियों एवं दुकानदारों में भरी रोष है , इससे भंगेल सलारपुर और बरौला की ग्रामीण मार्किट ठप्प हो गई है। इसके साथ ही दर्जनों गांव और उतने ही सेक्टरों को परेशानी झेलनी पड रही है जो इन मार्किटों पर निर्भर थे। इन सभी समस्याओ को दूर करते हुए एलिवेटेड रोड का निर्माण पूर्ण किया जाये। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रो में नोएडा आपके द्वार कार्यक्रम को गति देने की मांग रखी गयी , ग्रामीण क्षेत्रो के युवाओं को इंडस्ट्री में पांच प्रतिशत नौकरी में आरक्षण देने की मांग भी रखी गई ।

# अमृत भारत योजना कार्येक्रम की तैयारी का निरीक्षण करने पहुंचे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीकांत चतुर्वेदी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।** देश के प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय रेल मंत्री ने मां शारदा की नगरी



मैहर रेलवे स्टेशन के विकास एवं विस्तार के लिए 21. 4 करोड़ का बजट स्वीकृत किया था जिसका 6 अगस्त को भूमि पूजन वर्चुअल के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सतना सांसद गणेश सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा के निर्देशनुसार प्रदेश कार्यसमिति श्रीकांत चतुर्वेदी ने आयोजित होने वाले कार्यक्रम के तैयारी का निरीक्षण करने पहुंचे जहां पर मैहर एसडीएम सुरेश जाधव तहसीलदार जितेंद्र पटेल नगर पालिका सीएमओ रवि गुप्ता एवं स्टेशन मास्टर एवं रेलवे इंजीनियर के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता किसान मोर्चा के जिला मंत्री राजा भैया पांडे जिला सह मीडिया प्रभारी सावन जयसवाल संजू जादवानी सांसद प्रतिनिधि छोटू मेनी उपस्थित रहे कल मैहर रेलवे स्टेशन के कायाकल्प का शिलान्याश भूमि पूजन का आयोजन आयोजित किया जाएगा।इसके अतिरिक्त भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कहां चतुर्वेदी ने प्रशासनिक अधिकारियों को रेलवे स्टेशन में जलभराव को लेकर के भी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया ।

# चिन्हित कुख्यात अपराधियों के विरुद्ध की जा रही है लगातार कड़ी कार्यवाही

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।**पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नरेट के समस्त पुलिस



अधिकारियों द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध निरंतर स्तर पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इस कड़ी में दिनांक 04.08.2023 को पुलिस आयुक्त न्यायालय गौतमबुद्धनगर द्वारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही के अंतर्गत गैंग लीडर यशवन्त चौबे उर्फ यश चतुर्वेदी उर्फ जय मेहता पुत्र स्व0 देवेन्द्र चौबे निवासी ग्राम करनपुर, पोस्ट युधिष्टर पट्टी, थाना अहरौली, तहसील बुढनपुर, जनपद आजमगढ़ वर्तमान पता टूथ अडवाईजरी कैरियर कन्सलटैन्सी, ए-14 ईको टॉवर, प्रथम फ्लोर सेक्टर-125, नोएडा, थाना सेक्टर-126 नोएडा संबंधित मु0अ0सं0-0070/2023 धारा 2/3(1) गैंगस्टर अधि0, थाना सेक्टर-126 जिसकी विवेचना थाना प्रभारी सेक्टर-20, नोएडा के द्वारा की जा रही है, अभियुक्त के द्वारा अवैध रुप से अर्जित अचल संपत्ति सिकन्द्राबाद, बुलन्दशहर 510 मीटर(612 गज) संपत्ति क्षेत्रफल 0.0510 हैक्टेयर ग्राम कामरा, सिकन्द्राबाद स्थित खाली प्लॉट को कुर्क किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 01 करोड़ 10 लाख रुपये है। उपरोक्त गैंग लीडर द्वारा एमबीबीएस कोर्स में एडमिशन कराने के नाम पर कई छात्रों से लाखों रुपए की ठगी की गई थी। कुर्क की गयी अचल सम्पत्ति का विवरण-खाली प्लाट सिकन्द्राबाद, बुलन्दशहर 510 मीटर (612 गज) गाटा सं0 1274/1292 संपत्ति क्षेत्रफल 0.0510 हैक्टेयर ग्राम कामरा सिकन्द्राबाद यूनिक कोड सं0 1204791274000012 (अनुमानित कीमत 01 करोड़ 10 लाख रुपये) पुलिस कमिश्नर के निर्देशन में अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अपराधियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की कड़ी कार्यवाही निरंतर स्तर पर जारी रहेगी।

# ऑनलाइन इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर तकनीकी आधारित उद्यमिता विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** जीएल बजाज इंस्टीट्यूट



ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में राष्ट्रीय उद्यमिता बोर्ड (एनईबी), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) भारत सरकार द्वारा प्रायोजित ऑनलाइन इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर तकनीकी आधारित उद्यमिता विकास कार्यक्रम (टीईडीपी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 पुलक मोहन पांडेय ने भाग लेकर अपने उद्यमशीलता के सफर और चुनौतियों को प्रतिभागियों के साथ साझा किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 80 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और 35 से अधिक विद्वान वक्ताओं ने अपनी विशेषज्ञता और अनुभव साझा किये। जीएलबीआईटीएम के निदेशक डॉ0 मानस कुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों और अथितियों का अभिवादन और धन्यवाद किया। डॉ0 एस0 पी0 मिश्रा ने कार्यक्रम की रूप रेखा के बारे में बताया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन दीप्ति दोहरे ने दिया। इस दौरान प्रो0 शशांक अवस्थी, प्रो0 महावीर सिंह नरुका ,प्रो0 नरेश ढुल, प्रो0 संसार सिंह चौहान, प्रो0 आर0 पी0 ओझा, डॉ0 विनोद कुमार यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ0 पूर्णेन्दु शेखर पाण्डेय और कार्यक्रम का संयोजन आकाश निगम के सहयोग से किया गया।

# गोरसरी पहाड़ से निकाली जा रही 1500 मीटर सुरंग की खुदाई पूर्ण

(आधुनिक समाचार सेवा)
**सतना।**जल जीवन मिशन के तहत जिला सतना के विकासखंड अमरपाटन, रामनगर, मैहर,



उचेहरा, रामपुर बघेलान के 1019 ग्रामों के 17.50 लाख जनसंख्या को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सतना बाणसागर समूह जल प्रदाय योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है । जिसका कार्य मैसर्स एल एंड टी कंस्ट्रक्शन, चेन्नई द्वारा मध्य प्रदेश जल निगम मर्यादित सतना के निर्देशन में किया जा रहा है। इस परियोजना में ग्राम मनकहरी से ग्राम खरमसेड़ा के बीच गोरसरी पहाड़ पर 1500 मीटर लंबाई तथा 3 मीटर चौड़ाई सुरंग का कार्य प्रगतिरत था, जो कि आज दिनांक को खुदाई का कार्य पूर्ण हो गया। इस सुरंग की खुदाई में लगभग डेढ़ वर्ष का समय लगा, संपूर्ण खुदाई के पश्चात सुरंग में आर.सी.सी लाइनिंग का कार्य किया जावेगा तथा 1500 एमएम व्यास की पाइप लाइन बिछाकर विकासखंड उचेहरा, रामपुर बघेलान, अमरपाटन एवं आंशिक मैहर के 743 ग्रामों के समस्त परिवारों को पेयजल उपलब्ध हो सकेगा इस सुरंग के निर्माण से लगभग 45 करोड़ की बचत हुई जिसमें पाइपलाइन, पंपहाउस, मोटर पम्प आदि की निर्माण राशि की बचत हुई एवं साथ ही सालाना लगभग।

## मणिपुर में हुए क्रूरता और हिंसा की घटना का ज्ञापन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**प्रयागराज।** राष्ट्रीय मानवाधिकार क्राइम कंट्रोल ब्यूरो महिला विंग टीम प्रयागराज, द्वारा आज दिनांक 5 अगस्त 2023 शाम 5:40 बजे मणिपुर में हुए क्रूरता और हिंसा की घटना का ज्ञापन, सिविल लाइंस थाना प्रभारी भानु प्रताब सिंह जी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया जी को संबोधित एक ज्ञापन जिला अध्यक्षा श्वेता साहू और उनकी टीम के माध्यम से दिया गया । आज के कार्यक्रम मैं शामिल हुए जिला अध्यक्षा श्वेता साहू ,प्रदेश सलाहकार डॉ रश्मि सिंह, प्रदेश यूथ विंग अध्यक्ष सिद्धांत केसरवानी, राष्ट्रीय मीडिया ऑफिस शिशिर गुप्ता, जिला सचिव वंशिका, सदस्य भावना जयसवाल, पूनम सिंह, नीता भारद्वाज, स्नेह लता सिंह, शाइनी दिक्षित और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# ढाई प्रतिशत ठेकेदारी को खत्म कर सभी सफाई कर्मचारियों को संविदा या विभाग से जोड़ा जाए

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** सफाई मजदूर गरीब उत्थान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और जन प्रिय नेता रविंद्र प्रधान को प्रधानमंत्री व सोशल जस्टिस मंत्रालय में भारतीय मॉनिटरिंग



कमेटी का सदस्य बनाये जाने पर पूरे देश में खुशी का माहौल है। वही रविंद्र प्रधान ने अपनी जिम्मेवारी संभालने के उपरांत गौतमबुद्ध नगर के नोएडा पहुंचे। जहा विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं ने बड़े जोर शोर से मंत्री जी का स्वागत किया।इसी दौरान बाल्मिक समाज व समस्त सफाई कर्मचारियों ने भी अपने अपने अंदाज में मंत्री जी का जगह-जगह स्वागत करके बधाई दी।स्वागत समारोह के उपरांत केन्द्रीय मंत्री ने नोएडा प्राधिकरण के समस्त अधिकारी गणों से वार्ता की।वार्ता में सफाई कर्मचारियों की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने के लिए नोएडा के अधिकारियों को सख्त आदेश दिए हैं।वार्ता में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण में जो अनेकों प्रकार की ठेकेदारी प्रथा चलाई जा रही है।इन सब ठेकेदारों के कर्मचारियों के वेतन एक समान की जाए और जो नोएडा प्राधिकरण में स्थाई कर्मचारी जिसको प्राधिकरण द्वारा ढाई प्रतिशत का नाम दिया गया है। वही कर्मचारियों को मेडिकल सुविधाओं ना उपलब्ध कराये जाने पर सभी कर्मचारियों के लिए तत्काल प्रभाव से मेडिकल पैनल जारी कराने का आदेश दिया ।वही नोएडा की ढाई प्रतिशत ठेकेदारी को खत्म कर नोएडा के सभी सफाई कर्मचारियों को सीधा संविदा या विभाग से जोड़ा जाए का भी आदेश दिया।वही महंगाई को देखते हुये गौतमबुद्ध नगर के सभी सफाई कर्मचारियों का वेतन भी दिल्ली एनसीआर के मिनिमम वेज लगभग 22 हजार प्रति महीना कराने का आदेश दिया । केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि अगर यह सभी समस्याएं 15 दिन के अंदर नहीं खत्म होती है तो नोएडा प्राधिकरण के समस्त अधिकारियों के विरुद्ध प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति महोदय को रिपोर्ट प्रस्तुत कर देंगे। उसके बाद प्रेस वार्ता को सम्बोंधित करते हुये कहा कि मेरी कामयाबी के पीछे मेरे माता-पिता,मेरे समाज के लोग और क्षेत्र की जनता है। रविंद्र प्रधान ने भारतीय मॉनिटरिंग कमेटी का सदस्य बनाने पर माननीय प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति महोदय,माननीय डॉ वीरेंद्र सोशल जस्टिस मंत्री व सांसद महेश शर्मा का आभार जताया।आगे कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गयी है उसे पूरी ईमानदारी और पूरी मेहनत से निभाऊंगा और समाज व मजदूर वर्ग और हर समाज की समस्याओं को प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति महोदय के समक्ष रखकर उनका समाधान कराने का संपूर्ण प्रयास करूंगा।इस दौरान सफाई मजदूर गरीब उत्थान यूनियन के सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद किया।इस कार्यक्रम में सफाई मजदूर गरीब स्थान यूनियन के सभी पदाधिकारी गण राजेंद्र प्रधान,जगरेस मकवाना,भीम सिंह तंवर,नेम इज चौहान,संतोष चौटाला,इंद्र प्रधान,धर्मवीर प्रधान, संजय, कालीचरण खलीफा आदि मौजूद रहे।

# महिला सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी का अभियान चला रही है महिला उन्नत संस्था

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** देश मे महिलाओ एवम बच्चियों के साथ छेडछाड दुष्कर्म और हिंसा की घटनाओ पर नियंत्रण हेतु सामाजिक संगठन महिला



उन्नति संस्था द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर चलाये जा रहे ठमहिला सुरक्षा-हमारी जिम्मेदारीठ एक जागरूकता अभियान के तहत नुक्कडनाटक विचारगोष्ठी नारी चौपाल स्कूल, कालेज, शिक्षण संस्थानों एवम गांव-शहर-बाजार आदि क्षेत्रों मे महिलाओ एवम बच्चियों को जागरूक किया जा रहा है ।मिशन शक्ति अभियान को घर-घर गांव-गांव पहुंचाने हेतु आज दिनांक 05/08/2023 को महिला उन्नति संस्था की गौतमबुद्धनगर इकाई द्वारा नोएडा इंटर कॉलेज, भंगेल, सेक्टर 82 में स्कूल की छात्राओं को गुड़ टच ओर बेड टच के वारे जागरूक किया, महिला पुलिस कांस्टेबल विनीता राजोरिया जी ने छात्राओं को आज कल के समय में सोशल मीडिया के माध्यम से लड़कियों को बहला फुसला कर फसाया जाता है,एवं किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी डिटेल सांझा न करे ।आज कल आप के परिजनों की भी आवाज की कॉपी कर के आपको फसाया और बहलाया जा सकता है । मुश्किल और परेशानी के समय आप अपने परिवार जन, अध्यापक और आस पास बताए एवं जरूरत पड़ने पर हेल्पलाइन नंबर 181 एवं 112 के वारे भी जागरूक किया । संस्था की जिला अध्यक्ष रेनू बाला शर्मा ने छात्राओं को शिक्षा का महत्व बताते हुए उन्हें पढ़ाई गंभीरता से करनी चाहिए । बेटियां आत्म निर्भर होंगी, तो परिवार समाज और राष्ट्र को उन्नत बनाने में उनकी सामान सांझेदारी होगी । वही नोएडा महानगर अध्यक्ष, कविता सिंह ने भी छात्राओं को हमेशा सतर्क रहने के लिए एवं गुड टच ओर बेड टच के बारे में जागरूक किया। स्कूली छात्राओं ने स्त्री के विषय में एक कविता पाठ के माध्यम से नारी शिक्षा पर जोर दिया ।इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य के पी सिंह एवं अन्य उपस्थित रहे।

# वाईएसएस फाउंडेशन एवं नोएडा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन 15 द्वारा गरीब एवं निम्न वर्ग के लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हुई बैठक

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** नोएडा वाईएसएस फाउंडेशन एवं नोएडा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन 15 ने आज एक बैठक आयोजित की, जिसमें गरीब एवं निम्न वर्ग के लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर चर्चा की गई। बैठक में दोनों संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन इन योजनाओं का लाभ सभी लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कहा कि



इन योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने और उन्हें इनका लाभ लेने में मदद करने के लिए दोनों संगठन मिलकर काम करेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि दोनों संगठन मिलकर गरीबों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी करेंगे, जिस पर लोग सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा, दोनों संगठन मिलकर जन सेवा केंद्र की सहायता से गरीबों के लिए एक कैंप भी आयोजित करेंगे, जिसके लिए गौतम बुद्ध नगर से कॉमन सर्विस सेंटर के मैनेजर पंकज शर्मा ने पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। जहां लोग सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन कर सकेंगे। बैठक में वाईएसएस फाउंडेशन के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया कि वे गरीबों के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और वे इस दिशा में लगातार काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वे उम्मीद करते हैं कि सरकार भी गरीबों के लिए और अधिक योजनाएं शुरू करेगी और इन योजनाओं का लाभ सभी लोगों तक पहुंच पाएगा। बैठक में वाईएसएस फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री सचिन गुप्ता नोएडा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन 15 के अध्यक्ष श्री राकेश खन्ना, कॉमन सर्विस संचालक पंकज मिश्रा सहित नीलम गुप्ता, अनिल चौधरी, राहुल कुमार, तेजस गुप्ता एवं संगठन के कई प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सपा नोएडा महानगर ने छोटे लोहिया को किया शत-शत नमन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।**छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र की जयंती सेक्टर 53 स्थित कंचनजंगा मार्केट सपा नोएडा महानगर कार्यालय पर नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाकर धूमधाम से मनाई गई। डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि जनेश्वर मिश्र ने



समाजवाद का पर्चा लहराया था उन्होंने हमेशा दलित शोषित और पीड़ितों की लड़ाई लड़ी थी उन्होंने सदैव समाज के बारे में चिंतन किया, उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी समाजवादियों के लिए समर्पित कर दिए, उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज नोएडा शहर में स्वास्थ्य, शिक्षा और कानून व्यवस्था पूरी तरह से लचर हो चुकी है सरकारी अस्पताल में लोग बिना इलाज और दवाई के परेशान हैं नोएडा के जनसंख्या के अनुपात में ना तो यहां कॉलेजों की संख्या बढ़ाई गई और ना ही सरकारी स्कूलों की संख्या बढ़ाई गई, स्कूलों कॉलेज में व्यवस्था पूरी तरह फेल है, आज शहर में चारों तरफ भय का माहौल है लगातार लूट ,चोरी, कत्ल की वारदात शहर में बढ़ती जा रही है, मोहम्मद ऐबाद ने कहा कि जनेश्वर मिश्र को छोटे लोहिया के नाम से भी जाना जाता है उनके रग रग में समाजवाद भरा हुआ था, वही सपा के संस्थापक सदस्य व वरिष्ठ नेता जय करण चौधरी ने कहा कि आज जनेश्वर मिश्र की जयंती पर सभी समाजवादी लोग व्रत लेंगे कि वे जनेश्वर मिश्र के बताए मार्ग पर चलकर भाजपा की भय भूख और भ्रष्टाचार के उल्टे पड़े नारे को जन-जन तक पहुंचाएंगे और उन्हें बताएंगे कि महंगाई किस चरम पर है पेट्रोल डीजल महंगे हो गए हैं इसके साथ सरसों का तेल और अन्य चीजों के दाम भी आसमान छू रहे हैं, ,आज के बैठक में मौजूद मुख्य लोगों में मोहम्मद ऐबाद, जयकरण चौधरी, सुबे यादव, सुनील चौधरी,शकील सैफी, बबलू चौहान, मोहम्मद नौशाद, मुकेश प्रधान,गौरव कुमार यादव , वीरपाल अवाना, देवेंद्र अवाना, देवेंद्र गुर्जर,मुन्ना आलम, हीरालाल यादव, महेश त्यागी, विकास कुंडिया, मोनू खारी,अजीम अली जैदी, लोकपाल यादव, प्रवीण शर्मा, अनिल शर्मा, सौरभ चौहान, राणा मुखर्जी, रोहित यादव, शीशपाल यादव, अरविंद चौहान, दिव्यांशु सूद, सुमित अंबावत , कवित गुर्जर,रामवीर यादव,बिल्लू सैफी, मोहित, विक्की तंवर , गुलजार अल्वी, उदय सिंह जाटव ,बबली शर्मा, राम सहेली, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन ( भूमि पुत्र ) की 7 अगस्त को बैठक

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।**भारतीय किसान यूनियन भूमि पुत्र की बैठक 7 अगस्त को वोल्गा होटल भूड़ चौराहा बुलंदशहर में दिन में एक बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धीरेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी, यह जानकारी भारतीय किसान किसानों की यूनियन भूमि पुत्र के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य किसान नेता रवि राघव ने दी । किसान नेता रवि राघव ने बताया है कि बैठक में किसानों की समस्याऔ पर विचार किया जाएगा और साथ ही संगठन के सदस्यता अभियान पर विचार विमर्श किया जायेगा।



# मैहर कॉलेज का लोकार्पण करने पहुंचे उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मैहर।** विवेकानंद महाविद्यालय परिसर में अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावास भवन का लोकार्पण करने पहुंचे उच्च शिक्षा




मंत्री डॉ मोहन यादव ने शनिवार शाम 5:00 बजे शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय मैहर परिसर में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के 50 सीटर छात्रावास जो कि 147 लाख की लागत से बनी हुई है जिसका लोकार्पण करने एवं मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सतना सांसद गणेश सिंह मंत्री जी का जोरदार स्वागत मैहर वाला मंदिर के पास किया गया भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा एवं प्रदेश कार्यसमिति श्रीकांत चतुर्वेदी जी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत हुआ भारतीय जनता पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं ने मंत्री जी का जोरदार स्वागत किया तत्पश्चात महाविद्यालय परिसर में पहुंचकर छात्रावास का लोकार्पण किया गया उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से शिक्षा नीति की जरूरत थी। लीक से हटकर युवाओं की जरूरत के हिसाब से कोर्स तैयार किए। इसके लिए डिग्री, सर्टिफिकेट व प्रोफेशनल कोर्स की मांग आएगी तो इसकी स्वीकृति दी जाएगी। कई विद्यार्थियों ने नए कोर्स शुरू करने की मांग की है। आने वाले समय में योग्य व प्रोफेशनल कोर्स भी शुरू किए जाएंगे। इस दौरान सतना सांसद गणेश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति श्रीकांत चतुर्वेदी,सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, महाविद्यालय परिसर के प्राचार्य एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तमाम छात्र छात्राएं नपा अध्यक्ष गीता संतोष सोनी, नपा उपाध्यक्ष शीतल नितिन ताम्रकार,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विकाश तिवारी,पूर्व सांसद प्रतिनिधि सत्यभान सिंह,पूर्व पार्षद दसरथ यादव, सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता रहे मौजूद। तत्पश्चात कार्यक्रम समापन करने के बाद श्री यादव जी के मां शारदा के दर्शन और प्रदेश को खुशहाल रखने के लिए कामना किए।

# बॉक्स ऑफिस पर 'मिशन इम्पॉसिबल 7' का तहलका, 100 करोड़ के करीब पहुंची 'सत्यप्रेम की कथा'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्मी दुनिया में जून और जुलाई के महीने में अलग-अलग जॉनर की कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें इंडिया से कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की 'सत्यप्रेम की कथा' ने धमाल मचाया, तो दूसरी ओर हॉलीवुड से आई 'मिशन इम्पॉसिबलः डेड रिकॉनिंग पार्ट वन' अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुई है। इसके अलावा राजस्थान के अजमेर में हुए स्कैंडल पर बनी फिल्म 'अजमेर 92' ने भी इस शुक्रवार सिनेमाघरों में दस्तक दी। जानेंगे कि इन फिल्मों का टोटल कलेक्शन कितना हुआ। टॉम क्रूज की फेमस हॉलीवुड फ्रेंचाइजी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल' का सातवां हिस्सा दुनियाभर में शानदार कमाई कर रही है। इंडियन बॉक्स ऑफिस पर भी यह फिल्म खूब पसंद की जा रही है। यह तब है जब हालिया रिलीज हुई क्रिस्टोफर नोलन की 'ओपेनहाइमर' का जादू रिलीज हुई दिख रहा है। मिशन इम्पॉसिबल 7' 12 जुलाई को रिलीज हुई थी और 12 दिनों में फिल्म ने टिकट विंडो पर शानदार बिजनेस किया है। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, 12वें दिन मूवी का 5.85 करोड़ का नेट बिजनेस हुआ है। इससे फिल्म का टोटल इंडियन कलेक्शन 92.5 करोड़ हो गया है। बॉलीवुड फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' 100 करोड़ की कमाई के करीब पहुंच गई है। फिल्म पहले ही हिट हो चुकी है और अगर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लेती है, तो सुपरहिट का टैग हासिल कर लेगी। फिल्म को रिलीज हुए 25 दिन बीत चुके हैं। शुरुआत में करोड़ों की कमाई करने वाली यह फिल्म अब लाखों में कमा रही है। लेकिन इसकी सक्सेस पर कोई आंच नहीं आई।'सत्यप्रेम की कथा' ने 25वें दिन 65 लाख कमाए हैं। इसके अनुसार इसका टोटल कलेक्शन 81.96 करोड़ हो गया है। 21 जुलाई को रिलीज हुई 'अजमेर 92' ने 30 लाख रुपये से ओपनिंग ली। दूसरे दिन यानी कि शनिवार को फिल्म की कमाई में उछाल आया और 38 लाख का टोटल कलेक्शन किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने रविवार को 39 लाख की कमाई की है। इस लिहाज से इसका टोटल बिजनेस 1.07 करोड़ हो गया है। इन फिल्मों के अलावा विद्या बालन की 'नीयत' और आमिर बशीर की '72 हूरें' बॉक्स ऑफिस पर अपना वजूद बनाए रखने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाती दिखीं, लेकिन अब यह फिल्में दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहीं। 'नीयत' का कलेक्शन 5.79 करोड़ पर आ रुका है। जबकि, '72 हूरें' का 1.6 करोड़ पर।





# लोगों में दिखा 'बार्बी' का क्रेज, दुनियाभर में इतनी कमाई, सुनकर उड़ जाएंगे होश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हॉलीवुड फिल्म 'बार्बी' का क्रेज लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। इंडिया में बड़े-बड़े स्टार्स बार्बी के रंग में रंगे हुए नजर आ रहे हैं। एक समय था जब हर बच्चे को बार्बी का क्रेज था। अब सबकी चहेती डॉल बार्बी फिल्म के जरिये एक बार फिर से अपनी रंग-बिरंगी दुनिया में ले जाने में कामयाब रही है। इस फिल्म को इंडिया के साथ-साथ दुनियाभर में भी लोगों का भरपूर प्यार मिल रहा है। जानिए ग्रेटा गर्विग के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने अब तक कितनी कमाई की। 21 जुलाई को बॉक्स ऑफिस पर क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'ओपेनहाइमर' से टक्कर लेने वाली की फिल्म इंडिया में भर में तो ठीक-ठाक कमाई कर रही है, लेकिन दुनियाभर में फिल्म की कमाई होश उड़ाने वाली है। इंडिया में हॉलीवुड फिल्म 'बार्बी' को सिर्फ इंग्लिश भाषा में रिलीज किया गया है। जबकि, ओपेनहाइमर को इंग्लिश के अलावा हिंदी भाषा में भी रिलीज किया गया। इस फिल्म के जरिये बार्बी और केन दुनियाभर को अपनी कलरफुल दुनिया में लेकर जाने में सफल रहे हैं। पहले दिन इंग्लिश भाषा में 5 करोड़ का बिजनेस करने वाली ग्रेटा गर्विग के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने शनिवार को 6.5 करोड़ और रविवार को 7.13 करोड़ का बिजनेस किया है। इंडिया में बार्बी ने अब तक 18.63 करोड़ का वीकेंड पर बिजनेस किया है। इंडिया में जिस तरह से 'बार्बी' को लेकर लोगों में क्रेज बढ़ रहा है, उसे देखते हुए ये कहना गलत नहीं होगा कि करण जौहर की 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' आने से पहले ये फिल्म अच्छा बिजनेस कर सकती है। वर्ल्डवाइड 'बार्बी' गाड़ रही है सफलता के झंडे मार्गोट रॉबी और रयान गोस्लिंग स्टारर इस फिल्म की रफ्तार इंडिया में भले ही धीमी हो, लेकिन दुनियाभर में फिल्म ने 'ओपेनहाइमर' को कमाई के मामले में पीछे छोड़ दिया है। महज तीन दिनों में इस फिल्म ने दुनियाभर में अपनी कमाई से हर किसी को हैरान कर दिया।फिल्म ने वीकेंड तक वर्ल्डवाइड 2050 करोड़ की टोटल कमाई यानी कि 300 मिलियन डॉलर के आसपास कमाई कर ली है, जबकि ओपेनहाइमर महज 165 मिलियन ही वर्ल्डवाइड कमाई कर पाई। आपको बता दें कि ग्रेटा गर्विग के निर्देशन में बनी इस फिल्म में मार्गोट रॉबी और रयान गोस्लिंग के अलावा सिमू लियू, केट मैकिनॉन, इस्सा राय, रिया पर्लमैन, और विल फेरेल अहम भूमिकाओं में नजर आ रही हैं।



# पलक के साथ फिर दिखे इब्राहिम डेटिंग की खबरों को मिली हवा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंटरनेट मीडिया और मोबाइल फोन के इस दौर में सिनेमा के सितारों का अपने घर से बाहर कुछ भी छिपा कर रख पाना बहुत मुश्किल है। कभी मोबाइल में तस्वीरें कैद हो जाती हैं, तो कभी अलग-अलग लेकिन एक ही सिनेमाघर में एक ही फिल्म देखने पहुंचे थे। पलक अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी हैं। उसके बाद कुछ इंटरव्यू में पलक ने इब्राहिम के साथ अपने रिश्तों को सिर्फ एक अच्छी दोस्ती बताया था। फिर जब





पैपराजी पहुंच जाते हैं। पिछले कुछ महीनों से अभिनेता सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम खान और अभिनेत्री पलक तिवारी के बीच डेटिंग की खबरें थी। पलक अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी हैं। उसके बाद कुछ इंटरव्यू में पलक ने इब्राहिम के साथ अपने रिश्तों को सिर्फ एक अच्छी दोस्ती बताया था। फिर जब शनिवार की रात पलक और इब्राहिम मुंबई में एक ही सिनेमाघर में फिल्म देखने पहुंचे तो दोनों के डेटिंग की खबरों को फिर हवा मिल गई। दोनों शनिवार की रात पलक और इब्राहिम मुंबई में एक ही सिनेमाघर में फिल्म देखने पहुंचे, तो दोनों के डेटिंग की खबरों को फिर हवा मिल गई। दोनों अलग-अलग, लेकिन एक ही सिनेमाघर में एक ही फिल्म देखने पहुंचे थे।हालांकि, दोनों को शायद यह अंदाजा नहीं था कि उन्हें बाहर पैपराजियों का सामना करना पड़ेगा। फिल्म खत्म होने के बाद पलक कैमरों से बचती निकल गई। वहीं इब्राहिम पैपराजियों के साथ काफी विनम्र नजर आएं।

# 25 जुलाई को धारावाहिक 'वंशज' के लिए शूट करेंगे जय और टीना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इसी के लिए शो की नायिका युविका (अंजलि तत्रारी) को महाजन ग्रुप के सफर पर आडियो विजुअल प्रेजेंटेशन बनाने की जिम्मेदारी मिली है। इसी समारोह में अभिनेता जय भानुशाली और अभिनेत्री टीना दत्ता भी नजर आएंगे। दरअसल, शो में कुछ ऐसा दिखाया जाएगा कि शिव और सुरीली (धारावाहिक हम रहे ना रहे हम के नायक और नायिका) महाजन परिवार के करीबी हैं और उन्हें महाजन परिवार के इस समारोह में बतौर मेहमान आमंत्रित किया गया है। जय और अंजली मंगलवार को इस एपिसोड की शूटिंग करेंगे। इसका प्रसारण जल्द ही सोनी सब पर किया जाएगा। कुछ नया करने और लोकप्रियता बढ़ाने के लिए टीवी धारावाहिकों निर्माता कई अलग-अलग प्रयोग करते रहते हैं। ऐसे में कई बार एक ही चैनल पर प्रसारित होने वाले या एक ही प्रोडक्शन के अंतर्गत बनने वाले धारावाहिकों के बीच क्रासओवर भी देखने को मिलता है। मतलब, एक धारावाहिक के कलाकार दूसरे धारावाहिक में अपने पहले धारावाहिक की भूमिकाओं में नजर आए। कुछ ऐसा ही क्रासओवर अब धारावाहिक वंशज और हम रहे ना रहे हम के बीच देखने को मिलेगा। दोनों ही शो का निर्माण स्वास्तिक प्रोडक्शन के अंतर्गत होता है। कहानी कुछ यूं हैं कि वंशज में महाजन ग्रुप के 75 साल पूरे होने का जश्न और 75वीं वर्षगांठ का समारोह मनाया जाना है। जिसके लिए महाजन परिवार में तैयारियां जोरों से चल रही है। कुछ नया करने और लोकप्रियता बढ़ाने के लिए टीवी धारावाहिकों निर्माता कई अलग-अलग प्रयोग करते रहते हैं। ऐसे में कई बार एक ही चैनल पर प्रसारित होने वाले या एक ही प्रोडक्शन के अंतर्गत बनने वाले धारावाहिकों के बीच क्रासओवर भी देखने को मिलता है। मतलब एक धारावाहिक के कलाकार दूसरे धारावाहिक में अपने पहले धारावाहिक की भूमिकाओं में नजर आए।



# कला के साथ-साथ पढ़ाई और खेल में भी होशियार रही हैं रुचा फैमिली को लेकर कही ये बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पूत के पांव पालने में दिख जाते हैं, यह कहावत 'क्रिमिनल जस्टिस' और 'द ग्रेट इंडियन मर्डर' वेब सीरीज की अभिनेत्री रुचा इनामदार पर सटीक बैठती है। पढ़ाई-लिखाई में तेज उनका अलग ही मजाकिया व्यक्तित्व निकलकर सामने आता है। मेरी तो पापा के बिना चलती ही नहीं है। डाक्टर होने के अलावा वह कविताएं भी लिखते हैं, इसलिए उनमें चीजों को लेकर संवेदनशीलता भी मैं उनसे किसी



होने के साथ-साथ वह बचपन से ही स्टेज पर परफॉर्म करती और ढेरों पुरस्कार जीतती आई हैं। रुचा हालिया प्रदर्शित फिल्म 'माइनस 31 द नागपुर फाइल्स' में पुलिसकर्मी की भूमिका में नजर आईं। इस फिल्म में पिता-पुत्री के रिश्ते के विभिन्न पहलुओं को दिखाया गया है। से बातचीत में अपने पिता को लेकर रुचा कहती हैं, 'मेरा और मेरे पापा बहुत प्यारा रिश्ता है। वह मुंबई के जे जे अस्पताल में डाक्टर हैं। उन्होंने बहुत दुनिया देखी है, लेकिन जब वह हमारे स्तर पर बात करते हैं, भी बारे में बातें कर सकती हूं।' वहीं अभिनेत्री बनने के सफर को लेकर रुचा बताती हैं कि मैंने तीन साल की उम्र में पहली बार स्टेज पर परफॉर्म किया था। अपने घरवालों के लिए तो मैं स्टेज पर ही पली बढ़ी हूं। पढ़ाई में भी हमेशा फर्स्ट आती थी। अक्सर बच्चे अपने माता-पिता से कहते हैं कि मुझे पढ़ाई नहीं एक्टिंग करनी है, लेकिन मेरे मामले में उल्टा हुआ। मम्मी ने मुझसे कहा कि पढ़ाई तो तुम कर ही लोगी, एक्टिंग तुम्हारा शौक है, तुम्हें इतना पसंद है, तो तुम वही क्यों नहीं करती।

# इंडिया में 3 दिन में 50 करोड़ के पार पहुंची ओपेनहाइमर दुनियाभर में छापे नोट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इस वक्त इंडिया में हॉलीवुड फिल्मों का बोलबाला है। जहां करण जौहर की 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी'(ख्झ्ख्)कुछ ही दिनों में सिनेमाघरों में दस्तक देगी, तो वहीं इस वक्त ओपेनहाइमर और बार्बी के बीच कांटे की टक्कर बॉक्स ऑफिस पर देखने को मिल रही है। सिलियन मर्फी और रॉबर्ट डाउनी की जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर पर आधारित इस फिल्म की इंडिया में एडवांस बुकिंग काफी शानदार हुई थी। इतना ही नहीं, शुक्रवार को शानदार ओपनिंग के साथ शुरुआत करने वाली इस फिल्म का वीकेंड काफी अच्छा बीता। क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'ओपेनहाइमर' को इंडिया में दो भाषाओं में रिलीज किया गया। हिंदी में जहां इस फिल्म का बिजनेस ठीक-ठाक रहा, तो वहीं इंग्लिश में इस फिल्म ने वीकेंड पर धमाल मचा दिया। हिंदी में फिल्म ने पहले दिन 1.75 करोड़ का बिजनेस किया था। वहीं शनिवार को फिल्म ने 2.2 और रविवार को 2.71 करोड़ कमाए।हिंदी भाषा में 'ओपेनहाइमर' का अब तक का टोटल कलेक्शन 6.66 करोड़ हुआ है, तो वहीं इंग्लिश भाषा में 12.75 करोड़ से शुरुआत करने वाली सिलियन मर्फी और रॉबर्ट डाउनी की फिल्म ने शनिवार को 15.05 करोड़ और रविवार को सिंगल डे पर 14.62 करोड़ का बिजनेस कर लिया है। ओपेनहाइमर ने वीकेंड पर इंडिया में टोटल 50 करोड़ के आसपास का बिजनेस कर लिया है, तो वहीं दुनियाभर में इस बायोपिक के लिए लोगों की दीवानगी सिर चढ़कर बोल रही है। फिल्म ने वर्ल्डवाइड तीन दिन में ही 800 करोड़ की टोटल कमाई कर ली है और इंडिया और दुनियाभर में फिल्म को जिस तरह से प्यार मिल रहा है। उसे देखते हुए ये कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म दुनियाभर में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर सकती है। हालांकि, इंडिया में फिल्म को दूसरी लोकप्रिय फिल्म 'बार्बी' टक्कर दे रही है।



# दिमाग साफ करो, चीजें साफ दिखेंगी तनुश्री दत्ता ने लगाई ट्रोल्स को फटकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंटरनेट मीडिया से एक ओर सितारों को अपने प्रशंसकों से जुड़ने का मौका मिलता है,तो



दूसरी तरफ वह कई बार उनकी ट्रोलिंग का शिकार भी बन जाते हैं। हाल ही में अभिनेत्री तनुश्री दत्ता भी कुछ यूजर्स की ट्रोलिंग का शिकार बनीं। लेकिन उन्होंने ट्रोल करने वालों को करारा जवाब दिया। इंस्टाग्राम लाइव चैट के दौरान तनुश्री काशी विश्वनाथ मंदिर में जाने को लेकर अपने अनुभवों को बयां कर रही थीं। उन्होंने वहां जो ऊर्जा महसूस की, वह उसे लेकर बात कर रही थीं। तनुश्री ने कहा कि मुझे पसंद है कि मैं अपने अनुभवों को लोगों से साझा करूं ताकि लोग उससे कुछ सीख पाएं। इसी बीच कुछ यूजर्स ने लाइव में कमेंट करके उन्हें भला-बुरा कहना शुरू कर दिया। पहले कुछ वक्त तो उन्होंने उन ट्रोल्स को अनदेखा किया। लेकिन आखिरकार उन्हें जवाब देना पड़ गया। तनुश्री ने ट्रोल्स को डांटते हुए कहा कि यह लाइव मैं उन लोगों के लिए कर रही हूं, जिन्हें मेरी बातें समझ में आएंगी। मुझे आप लोगों के कुछ भी कहने से फर्क नहीं पड़ता है। जीवन में जो करना था, वह मैंने कर लिया है। आगे भी अपने मन की ही करूंगी। मुझे किसी की राय से कोई फ क नहीं पड़ता है। लाइव पर आकर उल्टी-सीधी बातें करना, सितारों को ट्रोल करना यही तो बस एक काम है। हमने अपनी जिंदगी और करियर में बहुत अच्छा काम कर लिया है। अब आसमान छूने की चाहत है। वह भी कर लूंगी। तुम लोग तो बस ट्रोल करते रह जाओगे। ना जिंदगी में कुछ कमाया,ना बैंक बैलेंस बढ़ाया, बस कुछ भी फालतू के कमेंट्स लिख देना आता है। दिमाग को साफ करो, तो चीजें साफ दिखेंगी। इंटरनेट मीडिया से एक ओर सितारों को अपने प्रशंसकों से जुड़ने का मौका मिलता हैतो दूसरी तरफ वह कई बार उनकी ट्रोलिंग का शिकार भी बन जाते हैं। हाल ही में अभिनेत्री तनुश्री दत्ता भी कुछ यूजर्स की ट्रोलिंग का शिकार बनीं। लेकिन उन्होंने ट्रोल करने वालों को करारा जवाब दिया। इंस्टाग्राम लाइव चैट के दौरान तनुश्री काशी विश्वनाथ मंदिर में जाने को लेकर अपने अनुभव बता रही थी।

## ऋतिक रोशन के बाद मैंने बेचारे वीर दास की इज्जत लूट ली'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री कंगना रनोट अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर हैं। वह हर मुद्दे पर अपनी राय रखना जानती हैं। हाल ही में, उन्होंने स्टैंड अप कॉमेडियन और एक्टर वीर दास को किस किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। साथ ही ऋतिक रोशन पर भी तंज कसा है। फिल्म एक्ट्रेस कंगना रनोट ने अभिनेता वीर दास के साथ मूवी रिवॉल्वर रानी में काम किया है। इस फिल्म में कंगना ने वीर दास को किस किया था। एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि कंगना के किस की वजह से वीर दास को चोट लग गई थी। अब एक्ट्रेस ने जवाब दिया है। दरअसल, हुआ यूं कि एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि कंगना रनोट ने अपनी फिल्म 'रिवॉल्वर रानी' में एक सीन के लिए वीर दास (ह्र ऊ) को किस किया था। इसकी वजह से वीर दास के होंठ से खून भी निकलने लगा था। अब कंगना ने इस दावे पर रिएक्शन दिया।

# रोशन परिवार पर बनेगी डॉक्यूमेंट्री; पर्दे पर दिखेंगी 3 पीढ़ियां कृष 4 को लेकर भी ऋतिक ने दिया नया अपडेट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अगले साल से अभिनेता त्रिृतिक रोशन पर काम करेंगे। वहीं, रोशन परिवार को लेकर भी नई खबर है।हिंदी फिल्म जगत में कई ऐसे परिवार हैं, जिनकी तीन से ज्यादा पीढ़ियां सिनेमा में अपना योगदान दे चुकी हैं। इसमें रोशन परिवार का नाम भी शामिल है। हाल ही में अभिनेता त्रिृतिक रोशन ने अपने दादा और संगीतकार रोशन लाल नागरथ की 106वीं जयंती पर उनके लिए भावुक पोस्ट भी लिखा था। अब खबरें हैं कि त्रिृतिक अपने पिता और निर्माता-निर्देशक, अभिनेता राकेश रोशन के साथ मिलकर हिंदी सिनेमा में रोशन परिवार की तीन पीढ़ियों की विरासत का जश्न मनाने की तैयारी में हैं। वह रोशन परिवार पर डॉक्यूमेंट्री बना रहे हैं, जिसकी शूटिंग शुरू भी हो चुकी है। राकेश से जुड़े करीबी सूत्रों के अनुसार इस डॉक्यूमेंट्री का निर्माण राकेश स्वयं कर रहे हैं, जबकि इसका निर्देशन सियासत और दोबारा फिल्मों का निर्देशन कर चुके शशि रंजन कर रहे हैं। इस साल के अंत तक या अगले साल की शुरुआत में इसे रिलीज किया जाएगा। डॉक्यूमेंट्री राकेश के पिता रोशन लाल नागरथ के साथ शुरू होगी, जो साल 1947 में बाम्बे (अब मुंबई) आए थे। पिछली सदी के पांचवे और छठवें दशक में उन्होंने खुद को प्रमुख संगीतकारों के बीच स्थापित किया था। इस विरासत को उनके दोनों बेटों राकेश और राजेश रोशन ने आगे बढ़ाया। राकेश ने अभिनय और निर्देशन में जबकि राजेश ने संगीत के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। राकेश के बेटे रितिक बतौर अभिनेता खुद को स्थापित कर चुके हैं, जबकि राजेश की बेटी पश्मीना रोशन फिल्म इश्क विश्क रिबाउंड से अभिनय में डेब्यू करने की तैयारी में हैं। इस डॉक्यूमेंट्री में रोशन परिवार के साथ काम कर चुके कई सितारों के साक्षात्कार और कुछ पुराने आर्काइव फुटेज होंगे। इसके अलावा राकेश कृष फ्रेंचाइज की चौथी फिल्म पर भी काम कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग अगले साल के मध्य से शुरू होने की संभावनाएं हैं। अगले साल से अभिनेता त्रिृतिक रोशन खेिप् 4 पर काम करेंगे। हिंदी फिल्म जगत में कई ऐसे परिवार हैं जिनकी तीन से ज्यादा पीढ़ियां सिनेमा में अपना योगदान दे चुकी हैं। इसमें रोशन परिवार का नाम भी शामिल है। हाल ही में अभिनेता त्रिृतिक रोशन ने अपने दादा और संगीतकार रोशन लाल नागरथ की 106वीं जयंती पर उनके लिए भावुक पोस्ट भी लिखा।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज ( उ.प्र. ) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। ( उ.प्र. ) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।